mediaauditornews@gmail.com mediaauditor Epaperdainikmediaauditor.in mediaauditor वर्ष-28 अंक-355 | पृष्ठ-8 | मूल्य-3 रूपये

रीवा

26 दिसंबर 2024 गुरुवार

दैनिक मीडियाऑडीटर

रीवा, सतना से एक साथ प्रकाशित



मैं सोच रही थी कि ...

@ पेज 7



# ‘राष्ट्र विरोधी हैं अरविंद केजरीवाल, गठबंधन भूल थी’

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली में विधानसभा चुनाव की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। आम आदमी पार्टी, भाजपा और कांग्रेस सभी दल जमकर चुनाव की तैयारियों में लगे हुए हैं। इस

● **कांग्रेस नेता अजय माकन का बड़ा बयान**

बीच कांग्रेस पार्टी भी आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल पर हमलावर हो गई है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अजय माकन ने तो आम आदमी पार्टी के प्रमुख और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को एंटी नेशनल यानी राष्ट्र विरोधी करार दिया है। इसके साथ ही अजय माकन ने ये भी कहा है कि लोकसभा चुनाव 2024 में आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन करना कांग्रेस की एक भूल थी जिसे अब सुधारना जरूरी है।



दरअसल, दिल्ली कांग्रेस ने बुधवार को आम आदमी पार्टी सरकार के खिलाफ एक श्वेत पत्र जारी किया है। इस दौरान अजय माकन ने कहा कि दिल्ली में कांग्रेस के कमजोर होने और दिल्ली की दुर्दशा का एक बड़ा कारण 10 साल पहले कांग्रेस द्वारा केजरीवाल के नेतृत्व वाली पहली सरकार को समर्थन देना था। हालांकि, अजय माकन ने ये भी कहा कि यह उनके निजी विचार हैं। अजय माकन ने बुधवार को अरविंद केजरीवाल की चुनावी घोषणाओं पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा- ÷केजरीवाल को अगर एक शब्द में परिभाषित किया जा सकता है तो वह शब्द है ÷फर्जीवाल÷। इस व्यक्ति की घोषणाएं सिर्फ फर्जीवाड़ा हैं, उसके अलावा और कुछ नहीं हैं।÷ माकन ने कहा कि केजरीवाल इन कामों को पंजाब में करके दिखाए क्योंकि वहां तो कोई उपराज्यपाल भी नहीं है। माकन ने सवाल किया कि केजरीवाल फर्जी वादे करके लोगों को क्यों गुमराह कर रहे हैं? अजय माकन ने अपने विचार से कहा कि आम आदमी पार्टी के साथ लोकसभा चुनाव में दोबारा गठबंधन करके एक भूल की गई है। इस भूल को सुधारना जरूरी है। माकन ने कहा कि केजरीवाल जैसे व्यक्ति पर भरोसा नहीं किया जा सकता। केजरीवाल की कोई विचारधारा और कोई सोच नहीं। है वह अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षा के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं। माकन ने कहा कि केजरीवाल ने सामान नागरिक संहिता, अनुच्छेद 370 और संशोधित नागरिकता कानून को लेकर भाजपा के साथ खड़े रहे। माकन ने कहा- ÷केजरीवाल एंटी नेशनल हैं, उनकी कोई विचारधारा नहीं है सिवाय अपनी निजी महत्वाकांक्षा के।

## संक्षिप्त समाचार

### रूस ने किया यूक्रेन के ऊर्जा ढांचे पर बड़ा हमला

**कीव (एजेंसी)।** दुनिया जब क्रिसमस के जश्न में डूबी है, उसी दौरान रूस ने बुधवार को यूक्रेन के ऊर्जा अवसंरचना को मिसाइल हमलों में तहस-नहस कर डाला है। इससे यूक्रेन के कई शहर अंधेरे में डूब गए हैं। रूस ने यूक्रेनी बिजली संयंत्रों को निशाना बनाकर बड़े पैमाने पर मिसाइल हमला किया। इस हमले की वजह से यूक्रेन के एक ताप विद्युत संयंत्र को बड़ा नुकसान पहुंचा। मिसाइल हमले शुरू होने के



बाद स्थानीय लोगों को मेट्रो स्टेशन में भागकर शरण लेनी पड़ी। यूक्रेन के ऊर्जा मंत्री हरमन हालुशेंको ने फेसबुक पर दिए एक बयान में बताया कि रूस ने फिर से ''ऊर्जा अवसंरचना पर बड़े पैमाने पर हमला किया है।'' यूक्रेन की वायु सेना ने देश के पूर्व में खार्किव, दिनप्रो और पोल्टावा क्षेत्रों पर कई मिसाइलों के दागे जाने की चेतावनी दी है। हालुशेंको ने कहा, ''(बिजली) वितरण प्रणाली संचालक बिजली प्रणाली को हुई क्षति के प्रभाव को सीमित करने के लिए खपत न्यूनतम करने के उपाय किये गए हैं। जैसे ही सुरक्षा स्थिति अनुकूल होगी बिजली कर्मी नुकसान का आकलन करेंगे।'' यूक्रेन की सबसे बड़ी निजी बिजली कंपनी डीटीईके ने कहा कि रूस ने बुधवार सुबह उसके एक ताप विद्युत संयंत्र पर हमला किया। अधिकारियों के अनुसार इस वर्ष यूक्रेन के विद्युत ग्रिड पर रूस का यह 13वां हमला है।

### ईरान ने अचानक 2 साल बाद गूगल प्ले और ह्वाट्सएप से हटाया प्रतिबंध

**तेहरान (एजेंसी)।** ईरान ने करीब 2 साल बाद अपने देश में गूगल प्ले और ह्वाट्सएप पर लगाए गए प्रतिबंध को अचानक हटा लिया है। बता दें की ईरानी सरकार ने मंगलवार को यह ऐलान करते हुए कहा कि उसने दो साल से अधिक समय के बाद 'व्हॉट्सऐप' और 'गूगल प्ले' पर लगाए गए प्रतिबंध को हटा लिया है। सरकारी समाचार एजेंसी आईआरएनए ने अपनी खबर में यह जानकारी दी। खबर में बताया गया कि देश की 'सुप्रीम काउंसिल ऑफ साइबर स्पेस' ने राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन की अध्यक्षता में एक बैठक में यह निर्णय लिया।



राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया पर प्रतिबंध हटाने का संकल्प लिया है। ईरान के संचार मंत्री सत्तार हेशमी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में इस निर्णय को प्रतिबंध हटाने की दिशा में ''पहला कदम'' बताया और अन्य सेवाओं से प्रतिबंध हटाने का संकेत देते हुए कहा कि ऐसे और भी कदम उठाए जाएंगे। राजधानी तेहरान और अन्य शहरों में 'एसोसिएटेड प्रेस' को कई लोगों ने बताया कि वे कंप्यूटर पर उपरोक्त दोनों सेवाओं का लाभ उठा पा रहे हैं लेकिन मोबाइल फोन पर अब भी यह सेवा शुरू नहीं कर पा रहे हैं।

## ‘नीतीश और पटनायक को भारत रत्न दिया जाए’, भाजपा सांसद ने की मांग



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बिहार से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उड़ीसा के पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक को भारत रत्न का सम्मान देने की मांग की जा रही है। दरअसल, ये मांग भारतीय जनता पार्टी के नेता और बेगूसराय सीट से सांसद गिरिराज सिंह ने उठाई है। गिरिराज ने बड़ा बयान देते हुए कहा है कि नीतीश कुमार और पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक को भारत रत्न दिया जाना चाहिए। भाजपा सांसद गिरिराज सिंह ने अटल जी के जन्म जयंती पर ये भी कहा है कि आगामी बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में बिहार में फिर से नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनेगी। गिरिराज ने कहा- किसी को कंफ्यूजन में नहीं रहना चाहिए। लालू जी लाख कोशिश कर लें लेकिन नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार विधानसभा का चुनाव होगा और बिहार में फिर से एनडीए की सरकार बनेगी। नीतीश कुमार इतने दिनों तक मुख्यमंत्री रहे हैं। आज के बच्चे जो तीस साल के हो गए हैं उन्होंने लालू जी का जंगल राज नहीं देखा। इससे पहले नीतीश की पार्टी जनता दल (यूनाइटेड) ने भी साफ तौर पर कह दिया था कि एनडीए गठबंधन आगामी बिहार विधानसभा चुनाव मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की ही नेतृत्व में लड़ेगा। जेडीयू के सांसद राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह और पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने कहा था कि उनकी पार्टी मजबूती से एनडीए के साथ खड़ी है और रहेगी।

**यूपी की राज्यपाल ने कहा**

# ‘अफसरों के लिए गुलदस्ता नहीं, फल लड्डू लेकर आएं’

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने अजीबोगरीब फरमान जारी किया है। मंगलवार को उन्होंने कहा कि यूपी के अधिकारियों से मिलने आने वाले लोगों को फूल और गुलदस्ते लाने की बजाय फल, पोषण पोटली, तिल और बाजरे के लड्डू लाने चाहिए और उन्हें टीबी रोगियों में वितरित किया जाना चाहिए। राजभवन की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक राज्यपाल ने मंगलवार को शाहजहांपुर में राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए कहा, अधिकारियों से मिलने आने वाले लोगों को फूल और गुलदस्ते लाने की बजाय फल, पोषण पोटली, तिल और बाजरे के लड्डू लाने चाहिए, जिन्हें टीबी (क्षय रोग) रोगियों में वितरित किया जाना चाहिए।



राज्यपाल ने टीबी रोगियों को अंगीकृत करने के लिए औद्योगिक क्षेत्र, संगठनों और बैंकरों को प्रेरित करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। राज्यपाल ने निर्देश दिये कि एक अप्रैल तक सभी स्कूल जाने वाले बच्चों का नामांकन सुनिश्चित किया जाए। राज्यपाल ने स्वास्थ्य, शिक्षा और बाल विकास विभाग को अपने-अपने विभागों की प्रगति को आपस में साझा करते हुए आवश्यकतानुसार समन्वय से कार्य करने तथा संयुक्त रूप से एक ऐप विकसित कर योजनाओं की निगरानी करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए राज्यपाल ने आयुष्मान भारत योजना के तहत गोल्डन कार्ड बनाने की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने गर्भवती महिलाओं के सरकारी और निजी अस्पतालों में प्रसव का डेटा एकत्र करने तथा घरों के बजाय अस्पतालों में प्रसव सुनिश्चित करने के प्रयास करने पर भी जोर दिया। राज्यपाल ने मातृ एवं शिशु मृत्यु दर के आंकड़ों का विश्लेषण करने को कहा ताकि चिकित्सा सुविधाओं के बावजूद मृत्यु दर के कारणों का पता लगाया जा सके।

## राजस्थान करौली में बस-कार में टक्कर एक ही परिवार के 5 लोगों की मौत

**करौली (एजेंसी)।** राजस्थान के करौली जिले में मंगलवार रात को एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। यहां एक निजी बस और कार के बीच जबरदस्त टक्कर हुई है। हादसे में कार सवार 5 लोगों की मौत हो गई है जबकि बस में सवार 15 यात्री भी जख्मी हुए हैं जिन्हें



अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा इतना गंभीर था कि कार और बस के परखच्चे उड़ गए। हादसे में कार सवार एक ही परिवार के 5 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। ष्ठरूनीलाभ सक्सेना, स्क्क बृजेश ज्योति उपाध्याय और स्क्क गुमनाराम तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने कार और बस में फंसे लोगो को निकलवाकर जिला अस्पताल पहुंचाया। घायलों में कुछ की हालत नाजुक बताई जा रही है। मृतकों पति, पत्नी, बेटा-बेटी और एक महिला रिश्तेदार शामिल है। मृतकों की कार में मिले आधार कार्ड से सभी की शिनाख्त हुई है।

# दिल्ली पुलिस की नकली वर्दी और फर्जी आईडी कार्ड

**क्राइम ब्रांच ने हनीट्रैप करने वाले गिरोह का किया पर्दाफाश**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच टीम ने दिल्ली में एक ऐसे गिरोह का पर्दाफाश किया है जो दिल्ली पुलिस की वर्दी पहनकर लोगों को हनीट्रैप करता था। यह गिरोह बड़े ही शातिराना अंदाज में फर्राटे से अंग्रेजी बोलने वाली महिलाओं के साथ मिलकर अमीरों को चूना लगाता था। इस गिरोह ने अबतक दर्जनों रईसजादों को हनीट्रैप कर अपना शिकार बनाया है। फिलहाल दिल्ली पुलिस ने इस गिरोह के तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। बता दें कि ये आरोपी बड़े ही शातिराना अंदाज में दिल्ली पुलिस की नकली आईकार्ड और वर्दी में अपने कारनामे को अंजाम देते हैं। यह साजिश रचकर अमीरों की जेब को ढीला करते थे यानी की हनीट्रैपिंग का पूरा गिरोह चलाते थे। बता दें कि उनकी टीम में दो महिलाएं भी हैं जो फिलहाल फरार चल रही हैं।



क्राइम ब्रांच के एडिशनल कमिश्नर संजय भाटिया के मुताबिक, इनकी टीम की महिलाएं सोशल मीडिया के माध्यम से अमीरों को पहले अपने झासे में लेतीं। इसके बाद रईसजादों को होटल में या किसी कमरे में अकेले मिलने के लिए बुलाती थीं। महिलाओं का वेशभूषा और बातचीत का तरीका इतना सटीक होता था कि सामने वाले शख्स को लगता था कि वह लड़की उनके प्यार में पागल हो गई है। इसके बाद लड़कियों द्वारा बुलाए जाने पर अमीर आदमी अकेले होटल या किसी कमरे में उनसे मिलने के लिए चला जाता था। जैसे ही अमीर शख्स इनकी जाल में फंसता तो कमरे में पुलिस की वर्दी पहने लोग कमरे में घुस जाते और तांडव मचाने लगते और तमाम तरह की कानूनी बातें करने लगते थे।इस दौरान रईसजादे अपना होश खो बैठते और समझ ही नहीं पाते कि आखिर क्या करना है क्या नहीं। इसके बाद बदनामी से मुक्ति पाने के लिए पैसे की लेनदेन की बात होने लगती है। पुलिस की माने तो कुछ दिन पहले द्वारका में इन लोगों ने डॉक्टर के साथ भी ऐसी हरकत की थी, लेकिन उस डॉक्टर ने केस दर्ज करवा दिया था।

# दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने दी चेतावनी

**महिला सम्मान और संजीवनी स्कीम पर विज्ञापन छपवाने वाले अधिकारियों पर होगी कार्रवाई**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली में महिला सम्मान योजना और संजीवनी योजना को लेकर बीजेपी और आम आदमी पार्टी के बीच तलवारें खिंच गई हैं। इस बीच सीएम आतिशी ने बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस कर कहा कि बीजेपी ने अधिकारियों पर दवाब बनाकर ये सूचना निकाली है। दोषी अधिकारियों के ऊपर करवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जो हमने घोषणाएं की हैं उससे संबंधित कैबिनेट में मंजूरी भी मिल चुकी है। सीएम आतिशी ने कहा कि फ्री बस सेवा को बंद कराने के लिए मुझे फर्जी केस में गिरफ्तार करना चाहते हैं। लेकिन मुझे न्याय व्यवस्था पर पूरा यकीन हैं। पहले भी हमारे तमाम नेताओं को गिरफ्तार किया गया था, लेकिन सबको बेल मिली।

वहीं, आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि सूत्रों के अनुसार, हाल ही में सीबीआई, ईडी और इनकम टैक्स विभाग के बीच एक बैठक हुई थी और उनसे सीएम के खिलाफ कोई झूठा मामला बनाकर सीएम आतिशी को गिरफ्तार करने के लिए कहा गया है।





उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्षों में भाजपा के पास दिल्ली में कोई काम नहीं है। वे केवल केजरीवाल की आलोचना और गाली देकर वोट मांग रहे हैं। लेकिन आम आदमी पार्टी के पास किए गए काम के आधार पर एक सकारात्मक अभियान है। केजरीवाल ने कहा कि हमने महिला सम्मान योजना और वरिष्ठ नागरिकों के मुफ्त चिकित्सा उपचार की योजना की घोषणा की है। इन योजनाओं के लिए पंजीकरण से भाजपा परेशान है। दिल्ली कैबिनेट ने पहले ही 1000 रुपये भत्ते को मंजूरी दे दी है और एक अधिसूचना जारी की गई है।


अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हमें सूत्रों से खबर मिली है कि चुनाव से पहले सीएम आतिशी को गिरफ्तार करने की तैयारी है। ईडी, सीबीआई और आईटी को बोल दिया गया है। ट्रांसपोर्ट विभाग में कुछ गड़बड़ी दिखाकर आतिशी को गिरफ्तार करेंगे। महिलाओं के लिए फ्री बस सेवा को बंद करने के लिए आतिशी को गिरफ्तार करेंगे।

# सूरज के करीब तक पहुंच गया ‘द पार्कर सोलर प्रोब’

**नासा रचा जाने वाला है बड़ा इतिहास**

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा का ÷द पार्कर सोलर प्रोब÷ यान सूरज के बेहद नजदीक पहुंच गया है। बताया जा रहा है कि सूरज की सतह से करीब 61 लाख किलोमीटर दूर से कारनुमा यह विमान सफलतापूर्वक गुजर गया है। हालांकि इसके बाद यह पता नहीं चल पाया है कि वह सलामत है या नहीं। अगर यह सकुशल वापसी में सफल रहता है तो सूरज पर एक नया इतिहास लिखा जाना तय है।

बता दें कि सूरज के करीब पहुंचा यह यान छोटी कार के आकार में है। यह सूरज के सबसे नजदीक से गुजरने वाला पहला इंसानी वस्तु बन चुका है। बता दें कि सूरज के नजदीक से गुजरते वक्त यान की स्पीड 6.90 लाख किलोमीटर प्रतिघंटा दर्ज की गई है। सूरज के करीब से गुजरते ही वैज्ञानिकों का उत्साह कई गुना बढ़ गया है। वह इस पर बारीकी से



नजर बनाए हुए हैं और आगे की सूचना का इंतजार कर रहे हैं।

**सूरज के इतने करीब तक नहीं पहुंच सकी कोई इंसानी वस्तु:** अभी तक सूरज के इतनी करीब इंसान की बनाई को भी वस्तु नहीं पहुंच सकी है। ऐसे में वैज्ञानिकों में उत्साह के बाद चिंता भी है कि सूरज के इतने करीब पहुंचने के बाद यह यान जिंदा लौट पाएगा या नहीं। क्योंकि सूरज के नजदीकी सतह से गुजरने के बाद से यान के बारे में कोई और अपडेट नहीं मिल सकी है।

**नासा का क्या है कहना:** नासा की मिशन डायरेक्टोरेट की एसोसिएट एडमिनिस्ट्रेटर निकोला फॉक्स के अनुसार पार्कर यान को जिस काम के लिए भेजा गया था, उसे उसने हासिल कर लिया है। सबकुछ ठीक रहा तो वह 27 दिसंबर तक हमें कुछ सिग्नल देगा। इसके बाद ही पता चलेगा की वह जिंदा है या सूरज की लपटों में खाक हो गया।

**पार्कर यान ने खींची कई तस्वीरें:** मिशन के प्रोजेक्ट वैज्ञानिक नूर रवाफी के अनुसार पार्कर यान ने सूरज के नजदीक से गुजरने के दौरान कई तस्वीरें भी खींची हैं, जो वैज्ञानिकों को जनवरी में मिल जाएगी। पार्कर सूरज से दूर निकलने के बाद स्टेटस अपडेट करेगा। वैज्ञानिकों के अनुसार सूरज के इतने नजदीक से गुजरने वाली यह पहली इंसानी वस्तु है।

## दिल्ली में रेल भवन के बाहर शख्स ने खुद को लगाई आग

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश की राजधानी दिल्ली से हैरान कर देने वाला मामला सामने आ रहा है। दिल्ली पुलिस ने जानकारी दी है कि दिल्ली में स्थित रेल भवन के बाहर एक शख्स ने आत्मदाह की कोशिश की है। शख्स द्वारा खुद को आग लगाकर जान देने की कोशिश की गई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल शख्स को अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस इश बात की जानकारी जुटाने की कोशिश में है कि शख्स ने जान देने की कोशिश क्यों की।



अब तक मिली जानकारी के मुताबिक, रेल भवन चौराहे पर एक व्यक्ति ने खुद को आग लगा ली है। जानकारी के मुताबिक, शख्स का नाम जितेंद्र है और वह उत्तर प्रदेश के बागपत जिले का रहने वाला है। जब शख्स ने खुद को आग लगाई तब घटना के दौरान स्थानीय पुलिस और रेलवे पुलिस ने कुछ लोगों के साथ मिलकर तुरंत आग बुझा दी और व्यक्ति को अस्पताल भेजा गया है। अब तक मिली जानकारी के मुताबिक, शख्स का मामला संभवतः यूपी के बागपत में संबंधित और व्यक्तिगत दुश्मनी का है। खुद को आग लगाने वाले जितेंद्र का शरीर 90 फीसदी तक जल गया है। जानकारी के अनुसार, पुलिस को जितेंद्र के पास से डायरी और दो पेज का सुसाइट नोट भी मिला है।

## शहरी गरीबों को आजीविका का साधन दिलाने के लिये 9318 स्वसहायता समूहों का गठन

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** प्रदेश में शहरी क्षेत्रों के गरीबों को आजीविका के साधन उपलब्ध कराने के लिये नगरीय निकाय बैंकों के साथ मिलकर स्व-सहायता समूहों को आर्थिक सहायता उपलब्ध करा रहे हैं। अब तक प्रदेश में शहरी क्षेत्रों में 9318 स्व-सहायता समूहों का गठन कर 9000 से अधिक शहरी गरीब परिवारों को स्व-सहायता समूहों से जोड़ा गया है। इसके साथ ही स्व-सहायता समूह को आर्थिक रूप से मजबूती देने के लिये 642 एरिया लेवल फेडरेशन का गठन और 34 सिटी लेवल फेडरेशन का गठन किया गया है। नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने 6720 स्व-सहायता समूहों को आवर्ती निधि राशि के रूप में करीब 6 करोड़ 75 लाख रूपये की राशि प्रदाय की है। स्वरोजगार कार्यक्रम अंतर्गत पूर्व से स्वीकृत व्यक्तिगण ऋण में 5723 हितग्राहियों को लगभग 77 करोड़ रूपये और समूहगत ऋण के रूप में 396 स्व-सहायता समूहों को 11 करोड़ रूपये मंजूर किये हैं। प्रदेश में शहरी क्षेत्र के 3581 स्व-सहायता समूहों का बैंक लिंकेज कर 21 करोड़ 50 लाख रूपये का ऋण बैंकों के माध्यम से वितरित किया गया है। शहरी स्व-सहायता समूहों को नगरीय विकास विभाग और अन्य केन्द्रीय योजनाएं जिनमें अमृत 2.0 में अमृत मित्र के रूप में जोड़ा गया है। स्व-सहायता समूह के सदस्य जल गुणवत्ता परीक्षण कार्य, स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट और सेनीटेशन जैसी गतिविधियों में भी मदद कर रहे हैं। अमृत 2.0 योजना में अमृत मित्र कार्यक्रम के अंतर्गत 10 नगरीय निकाय जबलपुर, भोपाल, इंदौर, नर्मदापुरम, छतरपुर, ग्वायिर, रीवा, छिंदवाड़ा, धार और देवास में 20 स्व-सहायता समूहों को 56 लाख रूपये के कार्यादेश दिये गये हैं। दूसरे चरण में प्रदेश के 45 निकायों का चयन किया जा चुका है। इन महिला स्व-सहायता समूहों को जल गुणवत्ता परीक्षण और सार्वजनिक पार्क संचालन और संधारण की जिम्मेदारी का कार्य सौंपा गया है। स्वच्छ भारत मिशन में 166 स्वसहायता समूह सेनिटेशन और सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट कार्य से जुड़े हुए हैं। प्रदेश में शहरी स्व-सहायता समूहों को केन्द्र सरकार की उद्यानिकी विभाग की योजना प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम योजना (पीएमएफएएमई) से भी जोड़ा गया है। योजना में सीड केपिटल घटक में 126 स्व-सहायता समूह के 708 सदस्यों को एरिया लेवल फेडरेशन के माध्यम से 3 करोड़ रूपये खाद्य प्र-संस्करण संबंधी गतिविधियों के लिये दिये जा चुके हैं। नगरीय निकायों ने इसी योजना में दूसरे चरण में 103 स्व-सहायता समूहों के 600 सदस्यों को फेडरेशन के माध्यम से उद्यानिकी गतिविधियों के लिये करीब 2 करोड़ रूपये राशि के प्रस्ताव स्वीकृती के लिये भेजे हैं। शहरी क्षेत्रों में स्व-सहायता समूहों को खाद्य प्र-संस्करण से संबंधित गतिविधियों का लगातार प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके साथ ही इन समूहों में शहरी क्षेत्र की महिलाओं को अधिक से अधिक जोड़ने के प्रयास किये जा रहे हैं।

## स्वच्छता अभियान के तहत ऊर्जा मंत्री पहुंचे द्वार-द्वार

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर की अगुआई में उप नगर ग्वालियर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने दूसरे दिन कम्यूनिटी हॉल से लेकर आनंद नगर तक सफाई अभियान चलाया। लोगों को डस्टबिन वितरित किए और सभी से अपने माता-पिता के नाम पर पेड़ लगाने का आह्वान किया। उन्होंने स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में क्षेत्र में ग्रीन कोरीडोर बनाने का संकल्प लिया। स्वच्छता अभियान के दौरान ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने सभी से विनम्र आग्रह किया कि हम अपने शहर को प्रदूषण मुक्त और हरा-भरा बनाने के लिए एक कदम और बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में सीमेंट के ड्रम में गमले तैयार कर पौधे लगाएंगे। उन्होंने कहा कि हमारी जिम्मेदारी है कि हम अपने घरों, मोहल्लों और शहर को हरियाली से सजा कर स्वच्छ आक्सीजन का वातावरण बनाएं। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री परम श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में हम सभी पेड़ लगाकर हरित वातावरण तैयार करेंगे। सभी से आग्रह है कि अपने माता-पिता के नाम, घर के सामने, या दुकान के सामने पौधे लगाएँ।

## अधिकारी-कर्मचारियों को दिलाई सुशासन दिवस की शपथ

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत-रत्न से सम्मानित स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के एक दिन पूर्व मंगलवार को मंत्रालय में सुशासन दिवस मनाया गया। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री श्री चैतन्य कुमार काश्यप ने मंत्रालय के सरदार वल्लभ भाई पटेल पार्क में प्रातः 11 बजे अधिकारी और कर्मचारियों को सुशासन की शपथ दिलाई। शपथ के पहले उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. वाजपेयी के चित्र पर माल्यार्पण किया। सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को प्रदेश में सुशासन के उच्चतम मापदंडों को स्थापित करने के लिए, शासन को अधिक पारदर्शी, सहभागी, जन-कल्याण केन्द्रित और जवाबदेह बनाने के लिए हरसंभव प्रयास करने एवं प्रदेश के नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार लाने के लक्ष्य को पाने के लिए सदैव तत्पर रहने की शपथ दिलायी।

# नई शिक्षा नीति से स्कूल शिक्षा में हो रहे बदलाव की जानकारी जमीनी स्तर तक पहुँचे

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** स्कूल शिक्षा मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह ने कहा है कि प्रदेश में नई शिक्षा नीति-2020 के क्रियान्वयन से स्कूल शिक्षा में लगातार बदलाव आ रहा है। इन बदलाव की जानकारी जमीनी स्तर तक पहुँचाने की जरूरत है। उन्होंने शिक्षकों के माध्यम से जानकारी को बच्चों और उनके अभिभावकों तक पहुँचाने पर जोर दिया। स्कूल शिक्षा मंत्री श्री सिंह मंगलवार को मंत्रालय में टॉस्क फोर्स की बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में अशासकीय सदस्य के रूप में श्री रविन्द्र कन्हरे, श्री अशोक कडेल, श्री अखिलेश श्रीवास्तव, श्रीमती मेघा मुक्तिबोध और सचिव स्कूल शिक्षा डॉ. संजय गोयल और आयुक्त लोक शिक्षण श्रीमती शिल्पा गुप्ता मौजूद थीं।



स्कूल शिक्षा मंत्री श्री सिंह ने स्कूलों में पढ़ाई के साथ व्यावसायिक शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की बात कही। उन्होंने कहा कि व्यावसायिक शिक्षा पर जिन ट्रेडों पर शिक्षा दी जा रही है, उनका लगातार अपडेट किया जाना भी जरूरी है। स्कूल शिक्षा मंत्री ने कहा कि अगले शैक्षणिक-सत्र में शासकीय स्तर पर अधिक संख्या में पूर्व प्राथमिक शाला खोलने की आवश्यकता है। प्रदेश में अभी कक्षा-1 से नीचे की 4473 प्री-एजुकेशन क्लॉस में बच्चों को पढ़ाया जा रहा है। इन शालाओं में करीब एक लाख बच्चे दर्ज हैं। इन्हें पीएम पोषण भी उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने शासकीय स्कूलों को उत्सव केन्द्र के रूप में विकसित करने की बात भी कही।

सचिव स्कूल शिक्षा डॉ. संजय गोयल ने बताया कि प्रदेश में बच्चों को शिक्षा के दिलचस्प कंटेंट मिलें, इसके लिये शैक्षणिक क्षेत्र की निजी संस्थाओं से एमओयू किया जायेगा। आयुक्त लोक शिक्षण श्रीमती शिल्पा गुप्ता ने बताया कि प्रदेश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन के लिये 13 समितियों का गठन किया गया है। इन समितियों के सुझाव के आधार पर शिक्षा के गुणात्मक सुधार के लिये बेहतर से बेहतर प्रयास किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में शिक्षकों की कमी को दूर करने के लिये विशेष अभियान चलाते हुए कक्षा-9 से कक्षा-12 तक के 17 हजार अतिशेष शिक्षकों का युक्ति-युक्तकरण और 20 हजार शिक्षकों की उच्च पद प्रभार से पदपूर्ति की गयी है।

बैठक में बताया गया कि प्रदेश में एनईपी लागू होने के बाद अब तक 50 हजार शिक्षकों की भर्ती की जा चुकी है। एनसीईआरटी के डिजिटल टीचर्स ट्रेनिंग प्लेटफार्म पर 3 लाख शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया है। प्रदेश में कक्षा-1 से 8 तक के 2050 सरकारी स्कूलों की 4100 कक्षाओं को स्मार्ट क्लॉस के रूप में बदला जा रहा है। प्रदेश में करीब 2 लाख शिक्षकों की क्षमता वृद्धि के लिये टेबलेट की राशि उपलब्ध करायी गयी है।

## पीएमजीएसवाय योजना ग्रामीण विकास के लिए वरदान -मंत्री पटेल

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि सड़क निर्माण में ऐसी तकनीको का प्रयोग बढ़ाया जाएगा, जिससे प्रकृति संरक्षण और समावेशी विकास हो। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश सड़कों के निर्माण में ग्रीन टेक्नोलॉजी में अगुआई करने वाला राज्य बनेगा। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि राज्य ने प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना (पीएमजीएसवाय) के तीनों चरणों में उत्कृष्ट कार्य किया है, चौथे चरण में भी बेहतर काम होगा। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में योजना के सभी लक्ष्य समय सीमा में पूर्ण होंगे। मंत्री श्री पटेल मंगलवार को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क की सफलता 2000-2024 एवं आगामी कार्य योजना पर कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित विशेष कार्यक्रम मे शामिल हुए। इस अवसर पर प्रमुख सचिव श्रीमती दीपाली रस्तोगी, संयुक्त सचिव श्री अमित शुक्ला, मुख्य कार्यपालन अधिकारी मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क प्राधिकरण श्री दीपक आर्य उपस्थित रहे।

मंत्री श्री पटेल ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ने प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना की शुरुआत की। यह योजना से ग्रामीण विकास के लिए वरदान साबित हुई। उनकी जनशताब्दी पर योजना ने 25 वर्ष पूर्ण कर लिए है। उन्होंने कहा कि मनुष्य के शरीर में जिस तरह रीढ़ की हड्डी है, उसी तरह ग्रामीण सड़कों ने देश के विकास में अपना योगदान दिया है। मध्यप्रदेश ने योजना के प्रारंभ से ही उल्लेखनीय कार्य किए गए है।

## मंत्री कृष्णा गौर ने केंद्र सरकार का जताया आभार

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** मध्यप्रदेश के विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्ध-घुमन्तु समुदाय के 50 विद्यार्थियों का केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के अंतर्गत संचालित फ्री कोचिंग और स्कॉलरशिप। स्कीम बडी-फॉर-स्टडी'' के लिये राष्ट्रीय स्तर पर चयन हुआ है। इसमें प्रदेश को यह सफलता मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में विमुक्त, घुमन्तु और अर्ध-घुमन्तु कल्याण विभाग की मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर और अधिकारियों के अथक प्रयासों से मिली है। मंत्री श्रीमती गौर ने इसके लिए केन्द्र सरकार का आभार व्यक्त किया है। विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्ध-घुमन्तु समुदाय के सशक्तिकरण के लिए राष्ट्रीय बोर्ड एवं विकास बोर्ड की सीड परियोजना में आवास, आजीविका, स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं। विभाग में पहली बार समुदाय के विद्यार्थियों की कोचिंग बडी-फॉर-स्टडी'' के माध्यम से संचालित की जा रही है। विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री अजीत केसरी के मार्गदर्शन में 11 नवंबर को राज्य स्तरीय वर्कशॉप का आयोजन किया गया, इसमें जिलों में तैनात सहायक संचालकों को बडी-फॉर-स्टडी के प्रशिक्षकों ने प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को योजना की विस्तृत जानकारी के साथ ही बताया गया कि विमुक्त, घुमन्तु और अर्ध-घुमन्तु समुदाय के विद्यार्थियों को किस तरह आवेदन कराया जाएगा।

## मेपकास्ट करेगा इजरायल के साथ जल तकनीकी पर कार्यशाला

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (मेपकॉस्ट) ने जल प्रबंधन के क्षेत्र में इजरायल की उन्नत तकनीकों को समझने और उन्हें अपनाने के उद्देश्य से इजरायली एंबेसी की वाटर अटैची सुश्री नोआ को आमंत्रित किया। बैठक में प्रदेश के जल क्षेत्र से जुड़े विभिन्न शासकीय विभागों और विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया। बैठक में मेपकॉस्ट के जल संसाधन प्रमुख डॉ. कपिल खरे ने परिषद द्वारा रिमोट सेंसिंग और जीआईएस तकनीकों के माध्यम से पिछले तीन वर्षों में पूर्ण किए गए प्रोजेक्ट्स की जानकारी साझा की। जल संरक्षण, संवर्धन और प्रबंधन में इजरायल की अत्याधुनिक तकनीकों के उपयोग पर चर्चा हुई।



नर्मदा समग्र और मेपकॉस्ट की संयुक्त पहल से आयोजित बैठक में वाटर सेक्टर पर काम करने वाले लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जल संसाधन, राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान, आईसर भोपाल, केंद्रीय जल आयोग भूजल प्राधिकरण सहित कई विभागों के वरिष्ठ अधिकारी और विशेषज्ञ मौजूद रहे। सुश्री नोआ ने प्रदेश में इजरायली विशेषज्ञों की मदद से जल प्रबंधन की नई तकनीकों को लागू करने और भोपाल में एक विस्तृत कंसल्टेशन कार्यक्रम आयोजित करने की सहमति दी। इस अवसर पर परिद की गतिविधियों पर संक्षिप्त प्रस्तुतीकरण श्री तस्नीम हबीब ने किया।

कार्यक्रम का समापन परिषद के वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक डॉ. रविशंकर भारद्वाज द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। इजराइल अपने उन्नत तकनीकी विकास और वैज्ञानिक उपलब्धियों के लिए दुनिया भर में प्रसिद्ध है। जल प्रबंधन के क्षेत्र में इजराइल ने अद्वितीय तकनीकें विकसित की हैं, जिनका उपयोग आज दुनिया भर के देश कर रहे हैं।

## वैदिक गणित की प्रासंगिकता विषय पर महाविद्यालय मड़वास में सगोष्ठी

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (एजेंसी)।** मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार एवं प्राचार्य डॉ. आई.पी.प्रजापति के मार्गदर्शन में शासकीय महाविद्यालय मड़वास में गत दिवस भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के अंतर्गत महान गणितज्ञ श्री रामानुजम की जयंती के अवसर पर "वैदिक गणित की प्रासंगिकता "विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की सुरुआत माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर के की गई । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मड़वास की प्राचार्या श्रीमती मंजू सिंह ऊपस्थित थी । इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मनुष्य के जन्म के साथ ही गणित का साथ सुरु हो जाता हैं । कार्यक्रम में मुख्यवक्ता के रूप में सुश्री ऋशा सिंह शिक्षिका शा.उ.मा.वि.मड़वास ऊपस्थित थी उन्होंने वैदिक गणित की बारीकियों के बारे में ऊपस्थित छात्र/छात्राओ को बताया वहीं सह वक्ता के रूप में डॉ. अमिता खरे ने कहा कि हमारे जीवन मे गणित की महत्वपूर्ण भूमिका हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के गणित विभाग की डॉ. संध्या वर्मा ने की उन्होंने इस अवसर पर कहा कि गणित के बिना जीवन अधूरा हैं । महाविद्यालय की गणित की छात्रा कुमारी स्वतंन्त्रता तिवारी ने वैदिक गणित पर अपनी बात रखी तो छात्रा कुमारी निकिता गुप्ता ने महान गणितज्ञ श्री रामानुजम की जीवनी के बारे में बताया । कार्यक्रम का संचालन डॉ. दीपक अग्निहोत्री ने किया तो आभार प्रदर्शन डॉ. लक्ष्मीकांत कुशवाहा ने किया।



## स्व- सहायता समूहों से जुड़कर महिलाएं बने आत्म निर्भर- मंत्री श्री चौहान

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** अनुसूचित जाति कल्याण एवं उमरिया जिले के प्रभारी मंत्री श्री नागर सिंह चौहान ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार जनजातीय समाज को आगे बढ़ाने का काम कर रही है। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ने जनजातीय कार्य मंत्रालय का गठन कर विकास के नए आयाम से जोड़ने का काम किया। देश के विकास को गति प्रदान की। आइए हम सब स्व. वाजपेयी की जन शताब्दी के अवसर पर सुशासन का संकल्प लें। किसान, गरीब, महिलाओं एवं बच्चों के कल्याण के लिए नए संकल्प के साथ जुड़े। मंत्री श्री चौहान मंगलवार को उमरिया जिले की पाली नगर पालिका में जन कल्याण शिविर को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में मानपुर विधायक सुश्री मीना सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अनुजा पटेल, कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन, सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष पाली श्रीमती शंकुतला प्रधान सहित जनप्रतिनिधि , शासकीय अधिकारी, पार्षद, नागरिक उपस्थित थे।



मंत्री श्री चौहान ने कहा कि स्व. वाजपेयी ने भारत का ही नहीं विश्व का मार्गदर्शन किया तथा भारत की छवि को दुनिया के नक्शे में उभारने का काम किया। उनके द्वारा किये गए कार्यों एवं नीतियाँ के कारण आज देश तेजी से विकास कर रहा है। उन्होंने कहा कि स्व-सहायता समूहों से जुड़कर महिलाएं आर्थिक रूप से आत्म निर्भर बने। जिले में 35 हजार स्व सहायता समूह गठित है जिनसे जुड़कर महिलाएं कृषि, पशु पालन, सब्जी उत्पादन, मनिहारी, पेंटिंग्स बनाने, सिलाई, किराना दुकान जैसी गतिविधियां संचालित कर रही है। मंत्री श्री चौहान ने जन कल्याण शिविर में राजस्व, लाड़ली लक्ष्मी योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, आयुष्मान कार्ड योजना के सैकड़ो हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया। उन्होंने नगरपालिका क्षेत्र के 2 करोड़ 61 लाख रुपये से अधिक के निर्माण कार्यों का भूमि-पूजन एवं लोकार्पण भी किया। मंत्री श्री चौहान ने पाली स्थित मां बिरासनी के दर्शन किए और प्रदेश की समृद्धि तथा प्रदेशवासियों की खुशहाली की कामना की। मंत्री श्री चौहान के मुख्य आतिथ्य मे 25 दिसंबर को प्रातः 10.30 बजे सुशासन दिवस कार्यक्रम सामुदायिक भवन उमरिया मे आयोजित जाएगा।

## शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सीएम राइज स्कूल गोविंदपुरा के 55 छात्र-छात्राओं ने नेचर कैम्प में भाग लिया

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** वन विहार राष्ट्रीय उद्यान भोपाल में मध्यप्रदेश ईको-पर्यटन विकास बोर्ड के सहयोग से छात्र-छात्राओं में वन्य-प्राणियों एवं पर्यावरण के प्रति जागरूकता तथा प्रकृति संरक्षण के प्रति संवेदनशीलता विकसित करने के लिये भोपाल शहर एवं उसके आसपास के ग्रामों के शासकीय विद्यालयों के लिये नेचर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सीएम राइज स्कूल गोविंदपुरा भोपाल के 55 छात्र-छात्राओं और 3 शिक्षकों ने पक्षी अवलोकन नेचर कैम्प में भाग लिया। नेचर कैम्प में विषय-विशेषज्ञों द्वारा प्रतिभागियों को पक्षी दर्शन, तितली, वन्य-प्राणी दर्शन और स्थल पर विद्यमान वानिकी गतिविधियों की जानकारी के साथ वन, वन्य-प्राणी और पर्यावरण से संबंधित रोचक गतिविधियाँ करायी गयीं। कैम्प में बाघ, तेंदुआ, भालू, मगर, घड़ियाल, चीतल, सांभर और नीलगाय आदि वन्य-प्राणियों का अवलोकन भी किया। किंगफिशर, ओपन बिल स्टॉर्क, पुलीनेक स्टॉर्क, कामरिंट,



जकाना कूट पक्षी दर्शन और नीडम क्षेत्र में कृत्रिम घोंसले तथा पक्षियों के पुतलों का अवलोकन भी कराया। कैम्प में शोध व्यक्ति के रूप में मोहम्मद खालिक बर्ड्स एवं श्री विजय नंदवंशी उपस्थित रहे। नेचर कैम्प के दौरान सहायक संचालक वन विहार श्री एस.के. सिन्हा और अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न पंडित अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जन्म जयंती पर सुशासन दिवस का हुआ आयोजन

## देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न पंडित अटल बिहारी बाजपेयी ने देश में सुशासन की आधारशिला रखी थी : सांसद

### जिले की 14 ग्रामपंचायतों में 524.86 लाख रुपये से अटल ग्राम सुशासन भवनों का शिलान्यास किया गया





**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न पंडित अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जन्म जयंती के अवसर पर सुशासन दिवस का गरिमामय आयोजन किया गया। अटल ऑडोटोरियम सीधी में आयोजित जिलास्तरीय कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद डॉ. राजेश मिश्रा, राज्यसभा सांसद सुमित्रा बाल्मीक, विधायक सिहावल विश्वामित्र पाठक, विधायक धौहनी कुंवर सिंह टेकाम, जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह, जिला पंचायत सदस्य प्रदीप शुक्ला, मीरा विश्वकर्मा, पार्षद बाबूलाल कुशवाहा, आनंद परियानी, जमुना कोल, सोमवती जायसवाल सहित जनप्रतिनिधिगण एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री पंडित अटल बिहारी वाजपेयी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज, उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा सहित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मुख्य आतिथ्य में खजुराहो छतरपुर से आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम का सजीव प्रसारण दिखाया गया। राष्ट्रीय कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने केन-बेतवा नदी जोड़ो राष्ट्रीय परियोजना का शिलान्यास और ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सौर परियोजना का लोकार्पण किया। साथ ही प्रदेश में 1153 अटल ग्राम सुशासन भवनों का शिलान्यास तथा सिंगल क्लिक से प्रथम किस्त का अंतरण किया। कार्यक्रम में सीधी जिले की 14 ग्रामपंचायतों के लिए 37.49 लाख रुपये लागत से कुल 524.86 लाख रुपये से अटल ग्राम सुशासन भवनों का शिलान्यास किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने कहा कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न पंडित अटल बिहारी बाजपेयी ने देश में सुशासन की आधारशिला रखी थी। उनके द्वारा प्रारम्भ की गई प्रधानमंत्री ग्राम सड़क जैसी योजनाओं ने देश को प्रगति के पथ पर अग्रसर किया है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रत्येक वर्ष 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के रूप में मनाकर पूर्व प्रधानमंत्री को सच्ची श्रद्धांजलि दी है। यह हमारा सौभाग्य है कि इस वर्ष हम पूर्व प्रधानमंत्री का 100 जन्मजयंती वर्ष मना रहे हैं। यह एक वर्ष तक शताब्दी समारोह के रूप में चलता रहेगा। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल जी ने नदी जोड़ो का जो अभियान शुरू किया था प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उसे मूर्त रूप देने का कार्य कर रहे हैं। आज केन-बेतवा नदी जोड़ो राष्ट्रीय परियोजना का शिलान्यास कर उन्होंने बुंदेलखंडवासियों को सौगात दी है जिससे उस क्षेत्र में खुशहाली के द्वार खुलेंगे।

राज्य सभा सांसद सुमित्रा बाल्मीक ने पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि अटल जी ने देश को अपनी दूरदर्शिता और इच्छाशक्ति से समृद्धिशाली बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उनकी योजनाएं अंत्योदय के लिए थी। वह शासन और प्रशासन को समाज के गरीब और वंचित वर्गों के लिए पूरी संवेदनशीलता से कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करते थे। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूर्व प्रधानमंत्री के विचारों से प्रेरित होकर सुशासन के नए मापदंड स्थापित कर रहे हैं।

विधायक सिहावल विश्वामित्र पाठक एवं विधायक धौहनी कुंवर सिंह टेकाम ने पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा लोगों को जिले को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का संकल्प दिलाया। उन्होंने सुशासन और नशा मुक्ति की शपथ दिलाई।

जिले की जनपद पंचायत मझौली अंतर्गत ग्राम पंचायत भवन देवरी, सिरौला, सहिजनहा एवं बनियाटोला, सिहावल अंतर्गत ग्राम पंचायत भवन सुपेला, पतुलखी, दुधमनिया, दुअरा, चितवरिया, घोपारी एवं खोरी तथा सीधी अंतर्गत ग्राम पंचायत भवन बमुरी, झगरहा एवं छुहिया में 37.49 लाख रूपये लागत से अटल ग्राम सुशासन भवनों का निर्माण किया जावेगा।

इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। साथ ही महिला बाल विकास विभाग, जनधन बैंक खाता, आधार कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना, वन धन विकास केन्द्र तथा आजीविका मिशन द्वारा उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई। कार्यक्रम में हितग्राहियों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का हितलाभ वितरण किया गया।

इस अवसर पर के के तिवारी, देवेन्द्र त्रिपाठी, पंकज पाण्डेय, रोहित मिश्रा, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अशोक तिवारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी मिनी अग्रवाल सहित विभागीय अधिकारी/कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में हितग्राहियों द्वारा सहभागिता की गई।

### लोडिंग वाहन की टक्कर से महिला की मौत, बेटा गंभीर

## अस्पताल से गांव लौटते समय हादसा, पुलिस ने इंडेन गैस की गाड़ी जब्त की



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** सीधी के नेशनल हाईवे 39 पर बुधवार शाम 4:30 बजे किशन ढाबा के पास तेज रफ्तार लोडिंग वाहन ने बाइक सवार मां-बेटे को टक्कर मार दी। हादसे में मां की मौत हो गई, जबकि बेटा घायल है। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। लोडिंग वाहन इंडेन गैस कंपनी की बताई जा रही है। ड्राइवर गाड़ी छोड़कर भाग गया। पुलिस ने गाड़ी को जब्त कर लिया है।

जमोड़ी थाना प्रभारी विशाल शर्मा के मुताबिक, सिकरा गांव में रहने वाला शहंशाह खान मां राबिया खान का इलाज कराने के लिए जिला अस्पताल आया था। यहां डॉक्टर को दिखाने बाद जब वह मां को लेकर वापस गांव लौट रहा था, तभी किशन ढाबे के पास पिकअप वाहन ने सामने से बाइक को टक्कर मार दी। इससे राबिया खान की मौके पर मौत हो गई और शहंशाह के सिर में चोट आई है। उसे रीवा के संजय गांधी अस्पताल रेफर किया गया है।

## कार ने कुचला 4 माह का बच्चा, मौत

### पिता ही बैक करा रहा था कार, उसे नहीं पता था कंबल में बच्चा सो रहा



**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली निप्र।** सिंगरौली जिले के मोरवा इलाके में बैक करते समय कार सवार ने 4 माह के बच्चे को कुचल दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। कार बच्चे का पिता ही बैक करा रहा था, उसे भी नहीं पता था कि कंबल में उसका बेटा सोया हुआ है। हादसे के बाद उसे पता चला कि बेटा यहां सोया हुआ था।

मोरवा थाना प्रभारी कपूर त्रिपाठी के मुताबिक, घटना बुधवार दोपहर करीब 2 बजे की है। उत्तर प्रदेश के संत रविदास नगर निवासी लाल बादशाह और उसकी पत्नी मंडी इलाके में सड़क किनारे 4 माह के बच्चे को सुलाकर खाना बना रहे थे, तभी स्विफ्ट डिजायर कार (नंबर ष्टत्र 15ष्ठष्ट 6443) बैक हो रही थी। वह कंबल में लिपटे बच्चे की गर्दन पर चढ़ गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद कार सवार भाग गया। गाड़ी छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर में आशुतोष राय के नाम से रजिस्टर्ड है। परिवार मंगलवार को ही यूपी से सिंगरौली आया है। ये लोग यहां घूम-घूमकर कबाड़ बीनने का काम करते हैं।

### 24 वर्षीय महिला ने खाया जहर, इलाज के दौरान मौत

**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर निप्र।** छतरपुर में मंगलवार की शाम एक 24 वर्षीय महिला ने जहर खाकर सुसाइड कर लिया। परिजनों ने महिला को इलाज के लिए जिला हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान मंगलवार की रात करीब 2 बजे उसकी मौत हो गई। बुधवार की सुबह उसका पोस्टमॉर्टम किया गया। महिला 7 साल से मायके में रह रही थी। थाना पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार रानी (24) पिता गयादीन रजक निवासी पीरा गांव की रहने वाली है। 12 साल पहले रानी की शादी बड़ामलहरा के रहने वाले सोनू रजक के साथ हुई थी। दोनों के 7 साल की लड़की और 5 साल का लड़का है।

**7 साल पहले मायके आ गई थी महिला:** सोनू रजक दिल्ली में रहकर मजदूरी का काम करता है। दोनों का दिल्ली में कुछ विवाद हुआ, जिसके बाद 7 साल पहले युवती अपने मायके आ गई थी।

## जिला स्तरीय युवा उत्सव का हुआ आयोजन, विजेता प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत





**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी ने जानकारी देकर बताया है कि संचालनालय खेल और युवा कल्याण मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशानुसार पंच प्रण और आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष के उपलक्ष्य में 15 से 29 वर्ष के आयु वर्ग के युवाओं की प्रतिभा को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से दिनांक 12 से 16 जनवरी 2025 के मध्य नई दिल्ली में 28वॉं राष्ट्रीय युवा महोत्सव का आयोजन किया जावेगा, जिसमें राज्य स्तर पर चयनित प्रतिभागी सम्मिलित होंगे। इसी तारतम्य में कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी, पुलिस अधीक्षक डॉ. रविन्द्र वर्मा के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव (जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी) के निर्देशन में प्राचार्य शम्भूनाथ त्रिपाठी शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक-01, लेखा एवं कार्यक्रम पर्यवेक्षक अर्जुन सिंह, नेहरू युवा केन्द्र की उपस्थिति में जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन खेल एवं युवा कल्याण विभाग, नेहरू युवा केन्द्र, राष्ट्रीय सेवा योजना सीधी के संयुक्त तत्वाधान में 23 एवं 24 दिसम्बर को शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक-01 सीधी के विवेकानन्द हाल में किया गया। जिला स्तरीय युवा उत्सव का शुभारंभ मॉं सरस्वती, गणेशजी, तुलसीदास एवं स्वामी विवेकानन्द की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर सरस्वती वंदना गायन कर किया गया। जिला स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम में - भाषण, कविता लेखन, कहानी लेखन, मोबाईल फोटोग्राफी, चित्रकला, विज्ञान मेला, लोक नृत्य "सामूहिक" लोकगीत "सामूहिक" आदि विधाओं में जिले के समस्त विकासखण्ड के विद्यालयीन एवं महाविद्यालयीन प्रतिभागियों ने भाग लेकर अपनी उत्कृष्ट कलाओं का प्रदर्शन किया।

अरविन्द श्रीवास्तव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी) सीधी द्वारा बताया गया कि मप्र शासन के निर्देशुनसार खेल एवं युवा कल्याण विभाग सीधी एवं नेहरू युवा केन्द्र के संयुक्त तत्वाधान में युवा उत्सव का यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है एवं इसका उद्देश्य युवाओं को अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने हेतु मंच प्रदान करना है ताकि वे अपने कला का प्रदर्शन कर अवसर का लाभ प्राप्त कर सके।

प्रतियोगिता में विज्ञान मेला (एकल) में सुजल पटेल प्रथम, आयुष द्विवेदी द्वितीय, पुरूषोत्तम गुप्ता तृतीय, विज्ञान मेला (समूह) में नितिन पटेल एवं साथी प्रथम, आयुष मिश्रा एवं साथी द्वितीय, समर्थ पाण्डे एवं साथी तृतीय, भाषण में अंकिता यादव प्रथम, अंकुश सिंह पनिका द्वितीय, प्रतिभा साकेत तृतीय, कविता लेखन में रोहित कुमार पाण्डेय प्रथम काजल रजक द्वितीय, पूनम प्रजापति तृतीय, कहानी लेखन में अंशिका चौरसिया प्रथम, अविनाश कुमार वर्मा द्वितीय, खेलेश्वर साकेत तृतीय, चित्रकला में राज सोनी प्रथम, मिनाक्षी विश्वकर्मा द्वितीय, अर्पिता पाठक तृतीय, मोबाईल फोटोग्राफी में शिवमसिंह चौहान प्रथम, अंकित वर्मा द्वितीय, आशुतोष जायसवाल तृतीय, लोकनृत्य सामूहिक में माउंटेन डांस ग्रुप सीधी प्रथम, प्रज्ञा प्रजापति एवं साथी द्वितीय, रिया तिवारी एवं साथी तृतीय, लोकगीत सामुहिक में कोमल मिश्रा एवं साथी प्रथम, लवली शुक्ला एवं साथी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

## युवक ने तालाब में कूदकर की सुसाइड की कोशिश

### कॉन्स्टेबल ने बचाई जान, बोला- अवैध शराब और गांजा बिक्री पर पुलिस नहीं कर रही कार्रवाई



**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर निप्र।** छतरपुर में मंगलवार रात एक युवक ने तालाब में कूदकर जान देने की कोशिश की। सूचना मिलने पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और एक कॉन्स्टेबल ने तुरंत तालाब में छलांग लगाकर युवक को बाहर निकाला। युवक ठंड से कांप रहा था, पुलिस कर्मियों ने उसे आग के सामने बैठाया।

मामला कोतवाली थाना क्षेत्र की संतरी तलैया (तालाब) का है। यहां मंगलवार रात करीब 10 बजे एक युवक ने तालाब में कूदकर जान देने की कोशिश की। जब पुलिसकर्मी वीरेंद्र सिंह ने उसे बाहर निकाला तो वह तब उसने अपना नाम मोहन पटेल राजनगर थाना क्षेत्र के परा गांव निवासी बताया। उसने बताया कि उसके क्षेत्र में गांजा और शराब अवैध तरीके से बेची जाती है, जिसकी उसने कई बार शिकायत की है, लेकिन जिला प्रशासन के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। इससे दुखी होकर उसने आत्महत्या का प्रयास किया था। कॉन्स्टेबल वीरेंद्र सिंह के अनुसार, सूचना मिली थी कि जोगिंदर पेट्रोल पंप के पास तलैया में एक व्यक्ति शराब पीकर कूद गया है। इसके बाद चीता वन और एफआरपी टीम मौके पर पहुंची टॉर्च व्यक्ति को ढूंढा। लेकिन वह डूबते हुए गहराई में जा रहा था, इसलिए उसे बचाने के लिए तालाब में उतरना पड़ा।

# पन्ना से 1 हजार बसों से जा रहे 40 हजार

## केन वेतवा लिंक परियोजना के शिलान्यास के साक्षी बनेंगे 2 लाख 15 हजार लोग



**मीडिया ऑडीटर, पन्ना निप्र।** पन्ना-पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटलबिहारी बाजपेई की महत्वाकांक्षी केन वेतवा लिंक परियोजना का भूमिपूजन व शिलान्यास 25 दिसंबर को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। जिसमे 11 जिलो से 2 लाख 15 हजार पब्लिक एकजुट हो रही है। जो इस परियोजना के शुभारंभ की साक्षी बनेंगी। पन्ना जिले से 1 हजार बसों के माध्यम से 40 हजार लोग पीएम के कार्यक्रम में शामिल होने पहुंच रहे हैं।जिसमे अधिकारी कर्मचारियों के साथ साथ भाजपा संगठन के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की ड्यूटी लगाई गई।

दरअसल मध्यप्रदेश के पन्ना जिले से निकलने वाली केन नदी व वेतवा नदी को नदी जोड़ो अभियान के तहत केन वेतवा लिंक परियोजना का 25 दिसंबर को खजुराहो में शिलान्यास व भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया है।जिसमें देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस परियोजना का शिलान्यास करने आ रहे हैं।कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए भाजपा संगठन के द्वारा कोई कसर नही छोड़ी जा रही है।प्रदेश के 11 जिलों से लोग एकजुट किए जा रहे हैं।

जिसमे निवाड़ी 200 बसों के माध्यम से 10000,पन्ना से 1000 बसों से 40000,टीकमगढ़ से 800 बसों से 35000,दमोह से 200 बसों के माध्यम से 10000,छतरपुर से 1800 बसों से 80000,सागर से 200बसे और 10000 हितग्राही,दतिया से 200 बसे से 10000,कटनी से 100 बसों से 5000,विदिशा से 100 बसों से 5000,रायसेन से 100 बसों से 5000,शिवपुरी से 100 बसे से 5000 हितग्राही इस कार्यक्रम में शामिल होने पहुँच रहे हैं।कुल 4800 बसों के माध्यम से 2,15,0000 हितग्राही शामिल होंगे।जो पूर्व पीएम अटलबिहारी बाजपेई की महत्वाकांक्षी योजना के शिलान्यास व भूमिपूजन के साक्षी बनेंगे।

## भाजपा जिला अध्यक्ष के लिए रायशुमारी

### 45 लोगों ने की दावेदारी, पर्यवेक्षकों ने बंद लिफाफे में ली पर्ची




**मीडिया ऑडीटर, अनूपपुर निप्र।** अनूपपुर के भाजपा कार्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती बुधवार को सुशासन दिवस के रूप में मनाई गई। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष के लिए रायशुमारी की गई ।

बालाघाट के पूर्व विधायक और शहडोल संभाग के पर्यवेक्षक भगत सिंह नेताम, अनूपपुर के जिला निर्वाचन अधिकारी और रीवा के पूर्व महापौर वीरेंद्र गुप्ता ने भाजपा के कार्यकर्ताओं से एक-एक कर चर्चा की और बंद लिफाफे में पर्ची ली। दोपहर 2 बजे से भाजपा जिला अध्यक्ष पद के लिए रायशुमारी का दौर शुरू हुआ जो शाम तक चलता रहा। अब बंद लिफाफा भोपाल कार्यालय में खुलेगा। यहां से भाजपा जिला अध्यक्ष के नाम का फैसला होगा।

## बुजुर्ग महिला को कपड़े और भोजन की व्यवस्था कर पहुंचाया रैन बसेरा



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** सामाजिक कार्य में अग्रिम रूप से कार्य कर रही सामाजिक संस्था बेनिसन हेल्पिंग सोशल वेलफेयर सोसाइटी को रात्रि में एक अज्ञात फोन आया, जिसमें बताया गया कि एक बुजुर्ग महिला बिना सर्दी के कपड़ों के ऐसे ही सड़क के किनारे लेटी हुई है। सूचना मिलने पर बेनिसन हेल्पिंग सोशल वेलफेयर सोसायटी की टीम ने महिला की मदद करने के लिए बुजुर्ग महिला के पास पहुंचे और महिला को गर्म कपड़े देकर भोजन कराया और दवाई भी दी। इसके बाद महिला से बातचीत कर उसके बारे में जानकारी निकालने का प्रयत्न किया गया। लेकिन उसके बारे में जानकारी प्राप्त नहीं होने पर विश्वविद्यालय थाना प्रभारी को सूचना दी गई। थाना प्रभारी टीआई हितेननाथ शर्मा की मदद से महिला को रेन बसेरा में सुरक्षित पहुंचाया गया और बुजुर्ग महिला के रहने का इंतजाम कराया गया। एनजीओ की टीम ने शहर वासियों से अपली की है कि, यदि रात्रि के समय कोई भी ऐसा आप को दिखे जिसके गरम कपड़ो या कंबल की जरूरत हो तो बेनिसन हेल्पिंग सोशल वेलफेयर सोसायटी से संपर्क जरूर करे। उनकी टीम लोगों को मदद करेगी। बेनिसन हेल्पिंग सोशल वेलफेयर सोसायटी की अध्यक्ष श्लेषा शुक्ला, अमर सिंह कुशवाहा, राहुल सिंह, राघव पटेल एवं आशीष द्विवेदी ने लोगों से सहयोग की अपील की है।

# राज्य स्तरीय महिला खो-खो में रीवा संभाग बना विजेता

## शासकीय कन्या महाविद्यालय में संपन्न हुआ राज्य स्तरीय खो-खो (महिला) प्रतियोगिता




**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** शासकीय कन्या महाविद्यालय सीधी में दो दिवसीय राज्य स्तरीय महिला खो-खो प्रतियोगिता के दूसरे 24 दिसम्बर का खेल सीधी संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ राजेश मिश्रा के मुख्य आतिथ्य में हुआ। सांसद ने खेल को महत्व देते हुए आने वाले समय में और अच्छी सुविधाएं उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ पीके सिंह अग्रणी महाविद्यालय के प्राचार्य, डॉ रामभूषण मिश्रा शारीरिक शिक्षा/क्रीडा विभागाध्यक्ष, डॉ विनोद राय वरिष्ठ क्रीड़ा अधिकारी, डॉ सुरेंद्र बहादुर सिंह पूर्व प्राचार्य शासकीय कन्या महाविद्यालय सीधी, आदि अन्य गणमान्यों के समक्ष प्रतियोगिता का सेमीफाइनल मैच का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में कुल 9 टीमों में चार टीम सेमीफाइनल में पहुंची। पहला सेमीफाइनल मैच उज्जैन और रीवा के बीच खेला गया, इस मैच में रीवा की टीम विजेता होकर फाइनल मैच में पहुंची। दूसरा सेमीफाइनल मैच इंदौर व जबलपुर के बीच खेला गया, रोमांचकारी मैच में जबलपुर की टीम फाइनल में पहुंची।

खो खो प्रतियोगिता के फाइनल मैच में रीवा ने जबलपुर को हराकर राज्य स्तरीय खिताब अपने नाम कर लिया। नेहा मिश्रा को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के सम्मान से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण किया गया एवं शुभकामनाएं दी गई।

इस प्रतियोगिता के सफल आयोजन में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर ओ.पी. नामदेव का मार्गदर्शन, संयोजक क्रीड़ा अधिकारी अजय कुमार यादव, मंच संचालन डॉ. दिलीप कुमार सोनी एवं डॉ हरिचरण अहिरवार द्वारा किया गया। प्रतियोगिता के आयोजन मंडल में रीवा संभाग के समस्त क्रीड़ा अधिकारी व सीधी अग्रणी महाविद्यालय के डॉ.रविंद्र नाथ सिंह कन्या महाविद्यालय के डॉ देवेंद्र कुमार सोनी, डॉ राजेश साहू, डॉ प्रतिमा कौल, डॉ आका सिंह तिवारी, डॉ बालेंद्र पटेल, डॉ सत्येंद्र उपाध्याय, प्रोफेसर पुष्पेंद्र कुमार शाह, डॉ विजय कुमार पांडेय, डॉ नवीन सिंह, डॉ विनोद साकेत, सिया सिंह, अनिल सिंह, दुर्गा सिंह सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहे। सीधी कोच कैलाश वर्मा की अहम भूमिका रही। कार्यक्रम का आभार क्रीड़ा अधिकारी अजय कुमार यादव द्वारा किया गया।


## विचार

# कुछ भी कहो, सरकारी तंत्र में नहीं घटा भ्रष्टाचार

केंद्र और भाजपा शासित राज्यों की सरकारें कितना ही भ्रष्टाचार मुक्त शासन देने का दावा करें किंतु सच्चाई इसके वितरीत है। एक सर्वे में दावा किया गया है कि 100 में से 66 लोगों को अपना काम कराने के लिए सरकारी तंत्र को रिश्वत देनी पड़ती है किंतु सच्चाई इसके विपरीत है। शायद ही कोई विभाग ऐसा होगा जहां बिना रिश्वत दिए काम हो जाए। सब जगह हालत बहुत खराब है। गैर भाजपा राज्यों की तरह भाजपा शासित राज्यों में भी प्रशासनिक तंत्र में भ्रष्टाचर का बोलबाला है। सरकारें मौन हैं। देश में केंद्र और राज्य सरकारें कारोबार में सहूलियत और निजी क्षेत्र के निवेश में तेजी लाने पर जोर दे रहीं हैं। वहीं भ्रष्ट सरकारी मशीनरी अपनी पूरी क्षमता का इस्तेमाल कंपनियों और उद्यमियों से अवैध तरीके से पैसे उगाहने में लगी हैं, जिसके चलते देश में उद्यमिता को बढ़ावा देने की सिंगल विंडो क्लियरेंस और ईज आफ डुइंग बिजनेस जैसे प्रयासों को पलीता लग रहा है। एक सर्वे में यह बात सामने आई है कि करीब 66 प्रतिशत कंपनियों को सरकारी सेवाओं का लाभ लेने के लिए रिश्वत देनी पड़ती है। कंपनियों ने दावा किया कि उन्होंने सप्लायर क्वॉलीकेशन, कोटेशन, ऑर्डर प्राप्त करने तथा भुगतान के लिए रिश्वत दी है। लोकल सर्कल्स की रिपोर्ट के अनुसार कुल रिश्वत का 75 प्रतिशत कानूनी, माप-तौल, खाद्य, दवा, स्वास्थ्य आदि सरकारी विभागों के अधिकारियों को दी गई। जांच रिपोर्ट कहती है कि कई कारोबारियों ने जीएसटी अधिकारियों, प्रदूषण विभाग, नगर निगम और बिजली विभाग को रिश्वत देने की भी सूचना दी है। पिछले 12 महीनों में जिन कंपनियों ने रिश्वत दी, उनमें से 54 प्रतिशत को ऐसा करने के लिए मजबूर किया गया, जबकि 46 प्रतिशत ने समय पर काम पूरा करने के लिए भुगतान किया। इस तरह की रिश्वत जबरन वसूली के बराबर है। सरकारी एजेंसियों के साथ काम करते समय कंपनियों के काम जानबूझ कर रोके जाते हैं और रिश्वत लेने के बाद ही फाइल को मंजूरी दी जाती है। सीसीटीवी कैमरों लगाने से सरकारी कार्यालयों में भ्रष्टाचार कम नहीं हुआ है। सर्वे में दावा किया गया है कि सीसीटीवी से दूर, बंद दरवाजों के पीछे रिश्वत दी जाती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि हालांकि सरकारी ई-प्रोक्योरमेंट मार्केटप्लेस जैसी पहल भ्रष्टाचार को कम करने के लिए अच्छे कदम हैं, लेकिन सरकारी विभागों में रिश्वत लेने के रास्ते खुले हुए हैं। भ्रष्टाचार के मुद्दे पर डेलायट इंडिया के पार्टनर आकाश शर्मा ने कहना है कि बहुत सी कंपनियों को लगता है कि नीतियों और प्रक्रिया के मामलों में थोड़ा पैसा देते रहने नियम कानून के मोर्चे पर कड़ी जांच पड़ताल और जुर्माने से बच जाएंगे।

# राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर घटी कई घटनाओं ने भविष्य के लिए बड़े संकेत दिये हैं

**साल 2024 देश दुनिया के लिए कई अहम घटनाओं से भरा रहा। राजनीतिक तौर पर देखें तो दुनिया के कई देशों में सरकारें बदल गयीं तो कई देशों में सारुढ़ दलों को बड़ा झटका लगा। महंगाई, बेरोजगारी के साथ ही दुनिया तमाम तरह के द्वंद्वों से भी जूझती रही। शांति को तरजीह देने की बात करने वाले इस विश्व में जहां इस साल और संघर्ष बढ़े वहीं मौसम ने भी ऐसा तपाया कि दुनिया में यह वर्ष सबसे ज्यादा गर्म के तौर पर दर्ज हो गया। भारत में साल की शुरुआत में हिट हुआ अबकी बार 400 पार का नारा तो चुनावों में पिट गया लेकिन साल के अंत में सामने आया बंटेंगे तो कटेंगे नारे को लोगों का जोरदार समर्थन मिला है। आइये एक नजर डालते हैं बीत रहे साल 2024 की बड़ी घटनाओं पर।**



**नीरज कुमार दुबे**

भारत की दृष्टि से देखें तो यह साल इसलिए अहम रहा क्योंकि पंडित जवाहर लाल नेहरू के बाद नरेंद्र मोदी के रूप में कोई प्रधानमंत्री लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए सत्ता में आया। हालांकि लोकसभा चुनावों में भाजपा अपने बलबूते सत्ता हासिल करने से चूक गयी लेकिन जनता ने उसके नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को शासन करने के लिए स्पष्ट जनादेश दिया। भाजपा का %अबकी बार 400 पार% का नारा पूरी तरह विफल रहा और उसे सरकार चलाने के लिए चंद्रबाबू नायडू की तेलुगू देशम पार्टी और नीतीश कुमार की जनता दल युनाइटेड के समर्थन पर निर्भर रहना पड़ेगा। विपक्षी गठबंधन इंडिया में शामिल दलों का लोकसभा चुनावों में अच्छा प्रदर्शन रहा। खासतौर पर कांग्रेस ने एक दशक में अपना सबसे अच्छा प्रदर्शन करते हुए 99 लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज की।

### राहुल गांधी

साल 2024 कांग्रेस नेता राहुल गांधी के लिए बेहद खास रहा। पिछले लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी को उत्तर प्रदेश की अमेठी लोकसभा सीट पर चुनाव में हार का सामना करना पड़ा था, वहीं इस बार वह केरल की वायनाड और उत्तर प्रदेश की रायबरेली सीट से रिकॉर्डतोड़ मतों से जीते। अमेठी में गांधी परिवार के करीबी किशोरी लाल शर्मा ने भाजपा की स्मृति ईरानी को हरा दिया। बाद में राहुल गांधी ने वायनाड सीट छोड़कर रायबरेली की सांसदी बरकरार रखी। राहुल गांधी लोकसभा में विपक्ष के नेता बनाये गये जोकि उनके राजनीतिक जीवन में अब तक का सबसे बड़ा पद रहा।

### अरविंद केजरीवाल

इस साल लोकसभा चुनावों से ठीक पहले शराब घोटाला मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री पद पर रहते हुए अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी बड़ी राजनीतिक घटना रही। उन्होंने इस्तीफे की मांग को दरकिनार करते हुए जेल से सरकार चलाने का रिकॉर्ड भी बनाया। हालांकि जमानत मिलने पर बाहर आये केजरीवाल ने अपना इस्तीफा देकर आतिशी को मुख्यमंत्री बना दिया। दिल्ली में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी ने केजरीवाल को फिर से नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया है।

### ओडिशा की राजनीति

लोकसभा चुनावों के साथ हुए ओडिशा के विधानसभा चुनावों में इस बार बड़ा फेरबदल देखने को मिला। ओडिशा की सत्ता पर दो दशक से ज्यादा समय से काबिज नवीन पटनायक की बीजू जनता दल को इस बार हार का सामना करना पड़ा। खुद दो विधानसभा सीटों से चुनाव लड़ने वाले नवीन पटनायक एक सीट पर चुनाव हार गये। ओडिशा विधानसभा चुनाव में भाजपा ने शानदार जीत हासिल करते हुए राज्य में सरकार बनाई।

### आंध्र प्रदेश में सत्ता परिवर्तन

2024 में आंध्र प्रदेश में भी सत्ता परिवर्तन हुआ। लोकसभा चुनावों के साथ ही कराये गये आंध्र प्रदेश विधानसभा चुनावों में टीडीपी-जन सेना और भाजपा के गठबंधन ने कमाल कर दिखाया और अब तक की सबसे बड़ी जीत दर्ज की। चंद्रबाबू नायडू राज्य के मुख्यमंत्री और जन सेना के पवन कल्याण उपमुख्यमंत्री बनाये गये।

### हरियाणा विधानसभा चुनाव

लोकसभा चुनावों के ठीक बाद हुए हरियाणा विधानसभा चुनाव के परिणाम चौंकाने वाले रहे। कांग्रेस के पक्ष में आंधी होने की खबरों के बीच भाजपा का लगातार तीसरी बार सत्ता में लौटना राजनीतिक रूप से तो ऐतिहासिक रहा ही साथ ही इन परिणामों ने निराश महसूस कर रही भाजपा में नई जान फूंक दी। हरियाणा चुनावों के दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बंटेंगे तो कटेंगे का जो नारा दिया उससे हिंदू समुदाय भाजपा के पक्ष में एकजुट हो गया और इसका असर महाराष्ट्र में भी दिखाई दिया।

### महाराष्ट्र के सत्ता समीकरण

महाराष्ट्र में भी विधानसभा चुनाव के नतीजे चौंकाने वाले रहे। खास बात यह रही कि लोकसभा चुनाव में जहां महाराष्ट्र में महायुति को निराशा हाथ लगी थी तो वहीं विधानसभा चुनाव में राज्य की जनता ने दिल खोलकर भाजपा के नेतृत्व वाले महायुति को अपना समर्थन दिया। महाराष्ट्र में लगातार तीसरी बार भाजपा सबसे बड़े दल के रूप में उभरी। इस बार देवेंद्र फडणवीस मुख्यमंत्री और एकनाथ शिंदे तथा अजित पवार उपमुख्यमंत्री बने।

### झारखंड के नतीजों ने चौंकाया

झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के लिए साल 2024 बेहद उतार-चढ़ाव वाला साबित हुआ। साल 2024 में उनकी गिरफ्तारी हुई। उन्होंने अपनी जगह चंपई सोरेन को मुख्यमंत्री बनाया। जमानत मिलने के बाद उन्होंने मुख्यमंत्री पद पर वापसी की तो चंपई सोरेन उनका साथ छोड़कर भाजपा में चले गये। इस साल विधानसभा चुनावों में उनके नेतृत्व वाले इंडिया गठबंधन को स्पष्ट बहुमत मिला और वह एक बार फिर मुख्यमंत्री पद पर आसीन हुए।

### जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने के बाद पहले चुनाव

जम्मू-कश्मीर में भी इस साल विधानसभा के चुनाव कराये गये। यह चुनाव इस मायने में ऐतिहासिक रहे कि उम्मीदवारों की तो रिकॉर्ड संख्या रही ही साथ ही मतदाताओं ने भी लोकतंत्र के उत्सव में बढ़-चढ़कर भाग लिया। एक दशक बाद हुए राज्य विधानसभा चुनावों में नेशनल कांफ्रेंस ने शानदार जीत हासिल की और उमर अब्दुल्ला मुख्यमंत्री बने।

### प्रियंका गांधी वाड्रा की नई पारी

यह साल गांधी परिवार के लिए काफी खास रहा क्योंकि जहां लोकसभा चुनावों से पहले सोनिया गांधी ने राजस्थान से राज्यसभा की सदस्यता हासिल की वहीं राहुल गांधी दो लोकसभा सीटों से चुनाव जीतने में सफल रहे। इसके अलावा, नेहरू-गांधी परिवार की एक अन्य सदस्य प्रियंका गांधी वाड्रा भी संसदीय राजनीति में प्रवेश करने में सफल रहीं। लोकसभा चुनाव में दो सीटों से जीत हासिल करने के बाद जब राहुल गांधी ने वायनाड को छोड़ दिया तो वहां हुए उपचुनाव में प्रियंका गांधी वाड्रा ने जीत हासिल की और पहली बार लोकसभा पहुँचीं।

### राम लला की प्राण प्रतिष्ठा

साल 2024 की सबसे प्रमुख घटना 22 जनवरी को हुई जब अयोध्या में भव्य राम मंदिर में रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गयी। इस दौरान पूरा देश राममय हो गया था और दुनिया के हर कोने में मौजूद सनातनी जश्न मनाते दिखे। शंखनाद और मंत्रोच्चार के बीच रामलला अपने भव्य गर्भगृह में विराजमान हुए तो लगा कि त्रेता युग लौट आया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विशेष मुहूर्त में भगवान राम के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा की।


# श्याम बेनेगल का जाना नये सिनेमा का अंत

**ललित गर्ग**

बॉलीवुड में समानांतर सिनेमा के जनक, 'मंथन' से लेकर 'वेलडन अब्बा' तक जिनके फिल्मी सफर को एक युग कहा जा सकता है, बेहद कलात्मक, बेहद संजीदा, बेहद संवेदनशील, ऐसे बेमिसाल फिल्मकार श्याम बेनेगल का 90 वर्ष की उम्र में जाना अत्यंत दुखद ही नहीं है, एक सार्थक भारतीय सिनेमा एवं गौरवशाली टेलीविजन युग का अंत है। दादा साहब फाल्के के अलावा सात राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित बेनेगल ने हिंदी सिनेमा को नसीरूद्दीन शाह, ओमपुरी, स्मिता पाटिल, अमरीश पुरी, अनंत नगा जैसे प्रख्यात कलाकार दिए। उनकी फिल्मों के साथ भारतीय सिनेमा का एक नया और अविस्मरणीय दौर शुरु हुआ, जिसने भारतीय सिनेमा को एक नई ऊंचाई प्रदान की। पिता के कैमरे से 12 साल की उम्र में पहली फिल्म बनाने वाले बेनेगल ने उस समय अहसास कराया कि भारतीय सिनेमा में एक विराट प्रतिभा मोर्चा संभाल चुकी है, जिसके काम की गूंज उनकी जीवन में ही नहीं, बल्कि भविष्य में लम्बे समय तक देश और दुनिया को सुनाई देगी। जब-जब हमने बहुत ठहरकर, बहुत संजीदगी के साथ उनके काम को देखा तो अनायास ही हमें महसूस हुआ कि वे अपने आप में कितना कुछ समेटे हुए थे, अद्भुत, यादगार एवं विलक्षण। सिनेमा दर्शकों का ऐसे महान् फिल्मकार की फिल्मों से अनभिज्ञ रहना इस संसार में रहते हुए भी सूर्य, चन्द्रमा एवं तारों को न देखने जैसा है।

श्याम बेनेगल का जन्म 14 दिसम्बर 1934 को हैदराबाद में हुआ। हैदराबाद की ओसमानिया यूनिवर्सिटी से इकोनोमिक्स में एमए करने के बाद बेनेगल ने आगे जाकर हैदराबाद फिल्म सोसायटी की स्थापना की। उनका संबंध कोंकणी बोलने वाले चित्रपुर सारस्वत परिवार से था। उनका असली नाम श्याम सुंदर बेनेगल था। श्याम बेनेगल की शादी नीरा बेनेगल से हुई थी और उनकी एक बेटी पिया बेनेगल है, जो एक कॉस्ट्यूम डिजाइनर हैं, जिन्होंने कई फिल्मों के लिए भी काम किया है। श्याम ने बचपन में ही अपने फोटोग्राफर पिता श्रीधर बी. बेनेगल के कैमरे से पहली फिल्म शूट की थी। 1962 में उन्होंने पहली डॉक्यूमेंट्री फिल्म 'घर बैठा गंगा' बनाई, जो गुजराती में थी। बेनेगल को भारत सरकार द्वारा 1976 में पद्मश्री और 1991 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था। उनकी सफल फिल्मों में मंथन, जुबैदा और सरदारी बेगम शामिल हैं। जिनमें जीवन के कठोर यथार्थ को बेनेगल ने सिनेमा-शिल्प में, महीन अर्थवत्ता के साथ नाटकीयता के धनीभूत आशयों में अभिव्यक्ति दी, प्रस्तुति दी है। उनकी फिल्मों में एक ऐसी सार्वजनीनता है, जो धनी-निर्धन, शिक्षित-अशिक्षित, देशी-विदेशी सभी को बहुत भीतर तक स्पर्श करती रही है।

श्याम बेनेगल की आखिरी फिल्म 'मुजीबः द मेकिंग ऑफ ए नेशन' थी, जिसका उन्होंने निर्देशन किया था। इस फिल्म ने भारत ही नहीं, बल्कि बांग्लादेश में भी सुर्खियां बटोरीं। यह फिल्म बांग्लादेश के संस्थापक शेख मुजीबुर्रहमान पर आधारित थी, जो बांग्लादेश के राष्ट्रपति भी थे। उनकी जिंदगी पर बनी फिल्म ने बांग्लादेश में 2024 में तख्तापलट करवा दिया था और शेख हसीना को इस्तीफा देना पड़ा था। यह फिल्म दिखाती है कि मुजीबुर्रहमान के राजनीतिक सफर की शुरुआत कैसे हुई थी, उन्होंने किस तरह बांग्लादेश की स्वाधीनता के लिए काम किया। इस फिल्म को राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम और बांग्लादेश फिल्म विकास निगम ने मिलकर बनाया था। यह फिल्म  जहां एक राष्ट्र




निर्माण की प्रक्रिया को प्रस्तुति दी, वहीं दो राष्ट्रों के आपसी संबंधों को भी गहराई से उजागर किया। इस फिल्म को बंगाली के साथ-साथ हिन्दी भाषा में भी रिलीज किया गया था। इस फिल्म का एलान करते हुए बेनेगल ने बताया था कि शेख मुजीबुर्रहमान के जीवन को पर्दे पर उतारना उनके लिए एक कठिन काम रहा है। उन्होंने कहा था, यह फिल्म मेरे लिए एक बहुत ही भावनात्मक फिल्म है। मुजीब के किरदार को बेबाकी से पेश किया है, वे भारत के बहुत अच्छे दोस्त रहे। उनकी यह फिल्म ही नहीं, बल्कि हर फिल्म ने एक इतिहास निर्मित किया। क्योंकि यह उनकी ही प्रतिभा थी कि वे लगातार काम करने की रणनीतियों में बदलाव लाते रहे और फिल्म-निर्माण को एक विराट फलक तक ले जाते रहे। भारतीय सिनेमा के लगभग सौ साला इतिहास में बेनेगल एक बड़े वटवृक्ष की भांति दिखाई देते हैं।

भारतीय सिनेमा को विश्व में नई और अद्वितीय पहचान दिलाने में बेनेगल का अविस्मरणीय योगदान था। बेनेगल की पहली चार फीचर फिल्मों- अंकुर (1973), निशांत (1975), मंथन (1976) और भूमिका (1977)- ने उन्हें उस दौर की नई लहर फिल्म आंदोलन का अग्रणी बना दिया। बेनेगल की मुस्लिम महिला पर आधारित फिल्में मम्मो (1994), सरदारी बेगम (1996) और जुबैदा (2001) सभी ने हिंदी में सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म के लिए राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीते। 1959 में, उन्होंने मुंबई स्थित विज्ञापन एजेंसी लिंटास एडवरटाइजिंग में कॉपीराइटर के रूप में काम करना शुरू किया, जहाँ वे धीरे-धीरे क्रिएटिव हेड बन गए। 1963 में एक अन्य विज्ञापन एजेंसी के साथ कुछ समय तक काम किया। इन वर्षों के दौरान, उन्होंने 900 से अधिक प्रायोजित वृत्तचित्र और विज्ञापन फिल्मों का निर्देशन किया। 1966 और 1973 के बीच बेनेगल ने पुणे स्थित भारतीय फिल्म और टेलीविजन संस्थान में पढ़ाया और दो बार संस्थान के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया। उनके शुरुआती वृत्तचित्रों में से एक 'ए चाइल्ड ऑफ द स्ट्रीट्स' (1967) ने उन्हें व्यापक प्रशंसा दिलाई। कुल मिलाकर, उन्होंने 70 से अधिक वृत्तचित्र और लघु फिल्में बनाई हैं।

बेनेगल ने 1992 में धर्मवीर भारती के एक उपन्यास पर आधारित सूरज का सातवां घोड़ा फिल्म बनाई, जिसने 1993 में हिंदी में सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीता। 1996 में उन्होंने फातिमा मीर की 'द अप्रेंटिसशिप ऑफ ए महात्मा' पर आधारित पुस्तक द मेकिंग ऑफ द महात्मा पर आधारित एक और फिल्म बनाई।

# सौतेले पिता ने बच्चे को मार डाला

## दूसरी पत्नी साथ नहीं जा रही थी,इसलिए की हत्या, शव नहीं मिलने से मर्डर बनी मिस्ट्री





**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में सौतेले पिता ने 8 साल के बच्चे को गला घोंटकर मार डाला। आरोपी की दूसरी पत्नी उसके साथ जाने के लिए तैयार नहीं थी। इसलिए उसकी हत्या कर शव को जंगल में फेंक दिया। 14 दिन से गायब बच्चे की तलाश के दौरान पहले संदेही ने पुलिस को गुमराह किया। अब उसने हत्या कर उसके शव को जंगल में फेंकना कबूल किया है। पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर शव की तलाश कर रही है। लेकिन, अब तक बच्चे का कुछ पता नहीं चल सका है। ऐसे में यह मर्डर पुलिस के लिए मिस्ट्री बन गई है। मामला बेलगहना क्षेत्र का है।

**बेटा 14 दिन से घर से गायब:** दरअसल, ग्राम आमागोहन निवासी रेवती गोड़ का 8 साल का बेटा माधव 14 दिन से अपने घर से गायब है। पुलिस की जांच में पता चला कि, करीब 10 साल पहले रेवती की शादी कसडोल के प्रमोद साहू से हुई थी। शादी के बाद वो ससुराल में ही थी। इस बीच दो बच्चे हुए। इनमें आठ साल का माधव बड़ा था। छोटे की उम्र अभी चार साल है। कोरोना के पहले पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ तो रेवती पहले छोटे बेटे को लेकर मायके आमागोहन आकर रहने लगी। बड़ा बेटा माधव अपने पिता प्रमोद के साथ रह गया था। प्रमोद उसे कसडोल से लेकर आया और खोंगसरा में छोड़कर चला गया। जिसके बाद से वो अपनी मां के साथ रहने लगा।

**10 दिसंबर को बच्चे को लेकर निकला था दूसरा पति:** इसी दौरान रेवती का परिचय जांजगीर-चांपा जिले के ग्राम कैथा निवासी गौरव साहू से हुई। बाद में फिर दोनों पति-पत्नी के रूप में रहने लगे। पिछले 10 दिसंबर को गौरव साहू अपने सौतेले बेटे माधव को लेकर घर से निकला। जिसके बाद वो मोबाइल बंद कर गायब हो गया। इधर, रेवती अपने बेटे माधव और गौरव की तलाश में भटकती रही। यह जानकारी पूरे गांव के लोगों को हुई। इस बीच 22 दिसंबर को गौरव अचानक आमागोहन आया, तो लोगों ने उसे पकड़ लिया। माधव के बारे में पूछताछ की तो वह घबरा गया। इस दौरान डर के कारण उसने खुद ही डॉयल 112 में कॉल कर पुलिस को बुला लिया। पुलिस पहुंची तो ग्रामीणों ने उसके बारे में बताया फिर पुलिस गौरव को बेलगहना चौकी लेकर गई। यहां पुलिस उससे बच्चे के बारे में पूछताछ शुरू की तो बताया कि वह अपने गांव कैथा में छोड़कर आया है। पुलिस उसे लेकर गई तो वहां नहीं मिला। यहां बताया कि उसने मासूम की गला घोंटकर हत्या कर लाश को जंगल में फेंक दिया है।

**शव बरामद नहीं, पुलिस के लिए मर्डर बनी मिस्ट्री:** पुलिस की पूछताछ में पता चला है कि, आरोपी गौरव गांव के एक बुजुर्ग महिला के घर गया। जहां उसने महिला का मोबाइल मांगा और उसका सिम निकालकर रख लिया। उसमें अपना सिम्स लगाया और किसी से बातचीत की फिर मोबाइल छोड़कर चला गया। उसके जाने के बाद मोबाइल में सिम नहीं होने की जानकारी हुई। यहां गौरव और माधव को आखिरी बार देखा गया था। गौरव ने मोबाइल में महिला के सिम से किससे बातचीत की इसकी जांच चल रही है।

**जंगल-रेलवे ट्रैक पर शव की तलाश में भटक रही पुलिस:** पूछताछ में गौरव लगातार पुलिस को गुमराह करता रहा। आखिरकार, उसने बच्चे की हत्या करने की जानकारी दी और शव को जंगल में फेंकने की बात बताई। जिसके बाद से पुलिस पिछले तीन दिनों से आरोपी गौरव को पकड़कर बच्चे के शव की तलाश कर रही है। इस दौरान पुलिस ने सागौन जंगल सहित रेलवे ट्रैक के आसपास खाक छान मारा। लेकिन, अब तक बच्चे के शव का कुछ पता नहीं चल सका है। इस बीच फॉरेस्ट कॉलोनी रेस्ट हाउस के पास सागौन के प्लाट में पूजापाठ के निशान मिले। पास में ही एक लाठी भी मिला, जिसमें खून लगा था। पुलिस ने उसे जब्त कर फोरेंसिक लैब भेजा है। फिलहाल, पुलिस इस मर्डर मिस्ट्री को सुलझाने में जुटी हुई है।

# रेप पीड़िता 5 महीने की गर्भवती, अबॉर्शन की मांगी मंजूरी

## छुट्टी वाले दिन खुला हाईकोर्ट, मेडिकल बोर्ड गठित करने के निर्देश, कल रिपोर्ट पेश करेंगे कलेक्टर



**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर एजेंसी।** छत्तीसगढ़ में रेप पीड़िता प्रेग्नेंट युवती के लिए शीतकालीन अवकाश के दौरान हाईकोर्ट ने विशेष कोर्ट का गठन कर मंगलवार को मामले की सुनवाई की। रेप के बाद युवती प्रेग्नेंट हो गई है। वो 21-22 सप्ताह की गर्भवती है। इससे परेशान होकर उसने हाईकोर्ट की शरण ली है।

युवती ने इसके लिए डॉक्टरों से भी राय ली, लेकिन उन्होंने मेडिको लीगल केस बताकर अबॉर्शन करने से इनकार कर दिया। अब जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल ने मामले को गंभीरता से लेते हुए बिलासपुर कलेक्टर को मेडिकल बोर्ड गठित कर विशेषज्ञ डॉक्टरों से उसका मेडिकल कराने और कल (गुरुवार) यानी 26 दिसंबर तक रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया है।

23 दिसंबर को युवती ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर अबॉर्शन कराने की अनुमति मांगी है। हाईकोर्ट में युवती ने स्वयं गर्भपात के लिए सहमति दी है और चिकित्सीय गर्भपात की अनुमति के लिए शपथ-पत्र भी पेश किया है।

**युवती के लिए छुट्टी के दिन हुई सुनवाई:** इस मामले में हाईकोर्ट ने गंभीरता दिखाई है। शीतकालीन अवकाश के दिन चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने विशेष कोर्ट का गठन कर जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल को केस की सुनवाई करने कहा। जस्टिस अग्रवाल ने मामले की सुनवाई के दौरान 7 जून 2024 को जारी अधिसूचना के अनुसार याचिकाकर्ता की मेडिकल जांच के लिए कलेक्टर को मेडिकल बोर्ड का गठन करने का आदेश दिया। मेडिकल बोर्ड को 26 दिसंबर तक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आदेश दिया गया है।

**विशेषज्ञ डॉक्टर करेंगे जांच:** हाईकोर्ट ने युवती को मेडिकल बोर्ड के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश दिया है। मेडिकल बोर्ड में एक स्त्री रोग विशेषज्ञ, एक बाल रोग विशेषज्ञ, एक रेडियोलाजिस्ट/सोनोलाजिस्ट और अन्य आवश्यक विशेषज्ञ शामिल होंगे। जांच रिपोर्ट में यह स्पष्ट किया जाएगा कि युवती का अबॉर्शन हो सकता है या नहीं।

**राज्य सरकार को खर्च वहन करने के निर्देश:** जस्टिस अग्रवाल ने युवती की मेडिकल जांच पर होने वाला पूरा खर्च राज्य सरकार को वहन करने कहा है। हाईकोर्ट ने कलेक्टर को आदेश की प्रति तत्काल भेजने और मेडिकल बोर्ड गठित करने की प्रक्रिया जल्द सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

## पति ने पत्नी को पहली मंजिल से धकेला

# बच्ची को पीटने से पत्नी ने रोका था, रेलिंग में लिटाकर गला भी दबाया

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर एजेंसी।** रायपुर में एक पति ने अपनी पत्नी को पहली मंजिल से धकेल कर उसकी जान लेने की कोशिश की है। पत्नी ने पति को बच्ची को पीटने से रोका था। जिसके बाद पति नाराज हो गया। उसने धक्का देने से पहले पत्नी की चप्पलों से पिटाई भी की और फिर रेलिंग में लिटाकर गला दबा दिया। इस मामले में पुलिस ने हत्या का प्रयास का केस दर्ज किया है। यह पूरा मामला गुढ़ियारी थाना क्षेत्र के विकास नगर का है। पुलिस को दिए महिला के बयान के मुताबिक, सपना जनबंधु ने बताया कि 23 दिसंबर को वह अपने काम पर चली गई। दोपहर ढाई बजे के करीब वापस लौटी तो तो उसने देखा कि उनकी बेटी पड़ोसी के घर पर है और वह रो रही थी। उसने पिता सुनील जनबंधु ने उसकी पिटाई कर दी थी। जब महिला ने अपने पति से पीटने के लिए मना किया।

**भड़ककर अपनी पत्नी पर किया हमला:** इस बात से सुनील नाराज हो गया। उसने कहा कि, बेटी को पहाड़ा याद नहीं था इसलिए पिटाई की। फिर उसे अपनी पत्नी सपना को भी गंदी गंदी गालियां देनी शुरू कर दी। गाली देने से रोकने पर वह मारपीट चालू कर दिया। उसने चप्पलों से अपनी पत्नी को पीटा। फिर उसे मारते हुए बरामदे में ले आया।

**पहली मंजिल से धकेल दिया:** आरोपी पति ने अपनी पत्नी का पर हमने में लगे रेलिंग पर गला दबा दिया। फिर उसे नीचे की तरफ झुका दिया। फिर पति ने कहा कि आज तुझे भी जान से मार दूंगा। उसने अपनी पत्नी सपना को नीचे की ओर धकेल दिया। अपना जमीन पर गिरते ही पैर मुड़ गया और शरीर के कई हिस्सों में चोंटे आई। जिसके बाद उसे पड़ोसियों ने मेकाहारा अस्पताल में भर्ती किया।

इस मामले की सूचना मिलते ही गुढ़ियारी पुलिस ने आरोपी सुनील के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। बताया जा रहा है आरोपी पेशे से इलेक्ट्रीशियन है।

# जनपदों में आरक्षण की प्रक्रिया 28 दिसम्बर को

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र।** त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2024-25 अंतर्गत ग्राम पंचायतों के वार्डों का प्रवर्गवार आरक्षण तथा महिला सरपंच का लॉट के माध्यम से आरक्षण की कार्यवाही की जायेगी। जनपद पंचायतों के अंतर्गत ग्राम पंचायतों के वार्डों का प्रवर्गवार आरक्षण एवं महिला सरपंच पदों के आरक्षण हेतु प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। भरतपुर के लिए जनपद पंचायत भरतपुर के सभा कक्ष में 28 दिसंबर 2024 को सुबह 11:00 बजे अनुविभागीय अधिकारी(रा.) भरतपुर की उपस्थिति में की जायेगी। जनपद पंचायत मनेंद्रगढ़ के सभा कक्ष में 28 दिसंबर 2024 को सुबह 11:00 बजे अनुविभागीय अधिकारी(रा.) मनेंद्रगढ़ की उपस्थिति में की जायेगी। इसी प्रकार जनपद पंचायत खड़गवां सामुदायिक भवन में 28 दिसंबर 2024 को सुबह 11:00 बजे अनुविभागीय अधिकारी(रा.) खड़गवा की उपस्थिति में की जायेगी।

कलेक्टर ने आदेश जारी कर प्रभारी अधिकारी उक्त कार्य को सम्पन्न करने हेतु अपने सहयोग के लिये संबंधित अनुभाग अंतर्गत जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, तहसीलदार, वरिष्ठ/आंतरिक/सहायक आंतरिक लेखा परीक्षण व करारोपण अधिकारी एवं आवश्यकतानुसार अन्य कर्मचारियों की ड्यूटी लगाए जाने के साथ ही प्रवर्गवार लॉट निकालने एवं संबंधित प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराये जाने सुनिश्चित किये जाने कहा है।

# दूसरी शादी करूंगा कहने पर पति को कुल्हाड़ी से काटा

## बच्चा नहीं होने पर पत्नी से करता था विवाद, चेहरे-सिर पर 3-4 बार वारकर भागी



**मीडिया ऑडीटर, सरगुजा एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में पति ने दूसरी शादी करूंगा कहा तो पत्नी ने कुल्हाड़ी से वार कर मार डाला। बताया जा रहा है कि पत्नी के बच्चे नहीं हो रहे थे, जिससे पति-पत्नी में अक्सर विवाद होता था। झगड़े से परेशान होकर पत्नी ने वारदात को अंजाम दिया। मामला कमलेश्वरपुर थाना क्षेत्र के मैनपाट का है।

मिली जानकारी के मुताबिक मृतक का नाम बलिराम माझी (28) है, जो नर्मदापुर के खालपारा का रहने वाला था। वह जेसीबी चलाता था। करीब 3 साल पहले बलिराम माझी (28) और नईहारो (26) की शादी हुई थी। वह पत्नी से अकसर कहता था कि, तुमसे बच्चे नहीं हो रहे हैं, उसे बच्चे चाहिए।

**कनपटी, चेहरे और सिर किया वार:** परिजनों ने बताया कि बलिराम मांझी और उसकी पत्नी मंगलवार को दोनों नशे में थे। दोनों के बीच फिर बच्चे और शादी को लेकर विवाद हुआ। लड़ाई इतनी बढ़ गई कि नईहारो बाई ने घर में रखे कुल्हाड़ी से पति के कनपटी, चेहरे और सिर पर 3-4 बार हमला कर दिया, जिससे उसकी मौके पर जान चली गई।

**रिश्तेदार घर गया, तो हुई जानकारी:** बताया जा रहा है कि बुधवार सुबह गांव के ही रिश्तेदार बिहानू मांझी उनके घर पहुंचा, तो उसने खून से लथपथ बलिराम का शव पड़ा देखा, जिसके बाद इसकी सूचना कमलेश्वरपुर पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

**पत्नी की तलाश जारी:** सरगुजा एएसपी अमोलक सिंह ने बताया कि, घटना के बाद नईहारो बाई फरार हो गई है, जिसकी तलाश पुलिस कर रही है। घटना स्थल से कुल्हाड़ी बरामद कर लिया गया है।

# 25 लाख खर्च कर सकेंगे मेयर प्रत्याशी

## नपा अध्यक्ष 10 लाख और पंचायत अध्यक्ष की 6 लाख सीमा, छत्तीसगढ़ निकाय चुनाव के लिए लिमिट तय




**मीडिया ऑडीटर, रायपुर एजेंसी।** छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनाव को लेकर मेयर और अध्यक्षों की खर्च सीमा तय कर दी गई है। 5 लाख या उससे अधिक आबादी वाले नगर निगमों में मेयर प्रत्याशी चुनाव पर 25 लाख तक खर्च कर सकेंगे। 3 लाख से 5 लाख की आबादी वाले नगर निगम 20 लाख रुपए तक और 3 लाख से अधिक आबादी वाले निगम 10 लाख रुपए तक खर्च कर सकेंगे।

वहीं, 50 लाख से अधिक आबादी वाले नगर पालिका अध्यक्ष अधिकतम 10 लाख रुपए और 50 हजार से कम आबादी वाले नगर पालिका अध्यक्ष अधिकतम 8 लाख रुपए खर्च कर सकेंगे। इसके अलावा नगर पंचायत अध्यक्ष के लिए खर्च की सीमा 6 लाख रुपए है। अधिसूचना छत्तीसगढ़ राजपत्र में प्रकाशित कर दी गई है।

**इस बार मेयर चुनाव होगा डायरेक्ट:** नगरीय निकाय चुनावों में अब मेयर और अध्यक्ष का चुनाव प्रत्यक्ष रूप से होगा। यानी पार्षद के साथ ही मेयर और अध्यक्ष के लिए भी जनता ही वोट करेगी। साय कैबिनेट की बैठक में यह फैसला लिया गया था। 2018 में प्रदेश में कांग्रेस की सरकार आने के बाद नियम बदला गया था।

इसमें मेयर चुनने का हक पार्षदों को दिया गया था। हालांकि भूपेश कार्यकाल से पहले भी जनता ही पार्षदों के साथ मेयर को चुनती थी।

**13 नगर निगमों में कांग्रेस:** छत्तीसगढ़ की 14 में से 13 नगर निगमों में इस समय कांग्रेस के महापौर हैं। हालांकि 2019 में जब चुनाव हुए थे, तब जगदलपुर की महापौर सफिरा साहू ने कांग्रेस से ही चुनाव जीता था। वह अब भाजपा में हैं। पिछली बार जनता ने पार्षदों को चुना था। पार्षदों ने महापौर चुनाव किया था।

ओबीसी आरक्षण भी राजपत्र में शामिल किया गया

प्रदेश के निकायों में ओबीसी को 50 फीसदी आरक्षण देने का फैसला कैबिनेट की बैठक में सरकार ने लिया था। इसे भी राज्यपाल की सहमति से राजपत्र में शामिल कर दिया गया है। इससे पहले ओबीसी को 25 प्रतिशत तक प्राथमिकता दी जाती रही है। शर्त ये भी रखी गई है कि जिन इलाकों में एसटी-एससी का आरक्षण पहले से 50 प्रतिशत या इससे ज्यादा है। वहां ओबीसी का 50 फीसदी आरक्षण नहीं रहेगा।

## भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी की सामान्य सभा सम्पन्न

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र।** विगत दिवस समय-सीमा की बैठक के बाद भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी की सामान्य सभा की बैठक कलेक्टर डी. राहुल वेंकट की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित किया गया। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अविनाश खरे के द्वारा सोसायटी की विभिन्न गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया गया। नवीन जिला होने के कारण वर्तमान में इस सोसायटी में 215 सदस्य हैं। जिला चिकित्सा अधिकारी द्वारा आजीवन सदस्य बनाये जाने हेतु समस्त जिला अधिकारियों को स्वयं से जिम्मेदारी उठाते हुए सहभागिता निभाने का आग्रह किया गया। इसके साथ प्रबंध कारिणी समिति का गठन के साथ-साथ सोसायटी के सुचारू संचालन हेतु तीन वर्ष के लिए अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष एवं राज्य प्रबंध हेतु चुनाव की प्रक्रिया किया जाना है।

# जैन मंदिर में 15 लाख की चोरी

## मंदिर के माली ने बनाया था प्लान, भाई और मां ने दिया साथ, भोपाल से गिरफ्तार



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर एजेंसी।** राजधानी रायपुर के जैन मंदिर में हुई चोरी के मामले में पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस चोरी को मंदिर में काम करने वाले माली ने ही अंजाम दिया था। इसमें उसके भाई और मां ने मदद की थी। आरोपियों ने मंदिर से करीब 15 लाख की चोरी की थी।

इसके बाद सोने-चांदी का चुराया हुआ समान लेकर भोपाल चले गए। जांच के दौरान जब पुलिस ने माली से पूछताछ की तो वह सवालों के जवाब देते वक्त उलझ गया। पुलिस ने इसके बाद कड़ाई दिखाई तो माली ने पूरा सच बता दिया।

इस मामले में पुलिस ने भोपाल निवासी संदीप माली (27), सागर माली (25) और उनकी मां सुषमा माली(48) को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी हुए करीब 15 लाख का माल भी बरामद कर लिया है।


**पूरा मामला:** जानकारी के मुताबिक, लाभाण्डी इलाके में 1008 पदम प्रभ दिगंबर जैन मंदिर स्थित है। 22 दिसंबर रात डेढ़ बजे के करीब चोर मंदिर के साइड वाले दरवाजे से भीतर घुसे। दरवाजे पर दो ताला लगा हुआ था जिसे उन्होंने आरी से काट दिया। अंदर घुसकर चोरों ने सबसे पहले चारों तरफ का मुआयना किया। फिर सीसीटीवी कैमरे के तारों को काट दिया।

**सोने-चांदी के कीमती सामान किया पार:** चोरों ने जैन मंदिर से भगवान के ऊपर लगा हुआ गोल्ड पॉलिश तीन चांदी के छत्र, 5 पंचमेरू, 8 अष्ट प्रतिहार्य, 2 चांदी की बड़ी थाली, 1 सोने का कलश, 9 चांदी का अभिषेक कलश, 6 शांति धारा झारी, 4 छत्र चांदी, 2 चांदी की थाली, 3 आशिका, 5 छोटी चांदी की प्लेट, 1 चांदी का लोटा, एक चांदी की बड़ी गंजी, चांदी का चम्मच और अन्य सामान चोरी किया है। जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया है।

**सिक्योरिटी गार्ड भी था मौजूद:** इस मामले में पुलिस को सुबह 5-6 बजे के करीब शिकायत मिली थी। तेलीबांधा पुलिस के टीम मौके पर पहुंची। मंदिर प्रबंधन ने सुरक्षा के लिए सिक्योरिटी गार्ड भी तैनात किया है। गार्ड का कहना था है कि वारदात के वक्त उसकी आंख लग गई थी। उसे किसी भी तरह की कोई आवाज नहीं आई थी। जबकि चोरों ने आरी से ताला को काटा था।

## थाने में महिला ने बच्ची के साथ खुद को जलाया

# मां के साथ दुधमुंही भी झुलसी, पति के साथ हुआ था विवाद



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर एजेंसी।** रायपुर में एक महिला ने थाने के अंदर अपनी दो महीने की बच्ची के साथ खुद को आग लगा ली। इससे दोनों झुलस गए। बताया जा रहा है कि, महिला अपने गोद में दुधमुंही बच्ची को भी पकड़ी हुई थी। घटना तिल्दा नेवरा थाना क्षेत्र की है।

जानकारी के मुताबिक, महिला नंदनी सावरा (25 साल) तिल्दा के देवार पारा की रहने वाली है। तिल्दा थाना प्रभारी एसएस सिंह ने बताया कि शुरुआती पूछताछ में पता चला है, महिला का अपने पति के साथ किसी बात पर विवाद हुआ था। इसके बाद महिला गुस्से में घर से बाहर निकली थी।

**पुलिस वालों ने बचाई जान:** महिला ने अपने पास केरोसीन (मिट्टी तेल) भी रखा हुआ था। उसने पुलिस थाने के गेट पर मिट्टी तेल शरीर पर छिड़क लिया फिर खुद को आग लगा दी। थाने के भीतर तैनात स्टाफ ने जब चीखने चिल्लाने की आवाज सुनी तो फौरन बाहर दौड़कर आए।

उन्होंने कपड़े से लपेटकर महिला के शरीर में लगी आग बुझाई। इसके अलावा बच्चे के शरीर में भी आग पकड़ ली थी उसे भी बुझाया गया। फिलहाल तिल्दा नेवरा सामुदायिक अस्पताल में प्रारंभिक इलाज के बाद दोनों को डीकेएस अस्पताल रायपुर रेफर कर दिया गया है।

**महिला के पति को बुलवाया गया:** महिला 15-20 फीसदी झुलस गई है। वहीं बच्ची के पैरों के पास का निचला हिस्सा भी जल गया है। फिलहाल पुलिस ने महिला के पति नानकून देवार को पूछताछ के लिए थाने बुलाया है। इस मामले में पुलिस दोनों के बीच हुए विवाद को लेकर जांच पड़ताल कर रही है।

**बलरामपुर जिले में महिला ने बच्ची के साथ फांसी लगाई:** इधर, छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले में भी 24 साल की महिला ने अपनी 14 महीने के बेटी के साथ फांसी लगा ली। महिला ने लोधीडांड़ के महानपार जंगल में आत्महत्या की है। मामला राजपुर थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, मृतक महिला की पहचान कमला गोड़, पति परमेश्वर गोड़ के रूप में हुई है। ग्राम छिंदियाडांड़ निवासी कमला का रविवार को किसी बात पर पति के साथ विवाद हुआ था। इसके बाद वह बेटी बेबी गोड़ को लेकर घर से निकली थी।

**पहले बेटी को लटकाया फिर खुद की खुदकुशी:** कमला ने घर से करीब एक किलोमीटर दूर जंगल में एक पेड़ पर साड़ी का फंदा बनाया। इसके बाद उसने बेटी को फांसी पर लटकाया और फिर खुद भी आत्महत्या कर ली। थाना प्रभारी कुमार चंदन सिंह ने बताया कि मंगलवार को गांव के लोग जंगल में लकड़ी लेने गए हुए थे। इसी दौरान उन लोगों ने 2 लाश पेड़ पर लटकती देखी। फिलहाल शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# तहसील ऑफिस में बाबू की रिश्वतखोरी का वीडियों

## मकान क्षतिपूर्ति की राशि दिलवाने ग्रामीण से मांगी घूस, 500-500 के नोट लेते वीडियो वायरल

**मीडिया ऑडीटर, बलरामपुर एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले के राजपुर तहसील कार्यालय में रिश्वतखोरी का मामला सामने आया है। तहसील कार्यालय में पदस्थ बाबू अनिल कश्यप का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। कर्मचारी ग्रामीण से मकान क्षतिपूर्ति राशि दिलवाने के नाम पर पैसे लेता हुआ दिखाई दे रहा है।

जानकारी के मुताबिक राजपुर जनपद पंचायत के ग्राम सेमराकठरा के निवासी रामरतन रवि ने 2021 में भारी बारिश के कारण क्षतिग्रस्त हुए अपने मकान के लिए क्षतिपूर्ति राशि की मांग की थी। प्रशासन द्वारा पहले ही मुआवजा राशि स्वीकृत कर दी गई थी, लेकिन तहसील कार्यालय में यह मामला रिश्वतखोरी की भेंट चढ़ गया।

रामरतन का आरोप है कि बाबू अनिल कश्यप ने उनसे मकान मुआवजा राशि दिलाने के बदले रिश्वत की मांग की। वायरल वीडियो में बाबू को खुलेआम रिश्वत लेते हुए देखा जा सकता है। घटना का खुलासा तब हुआ जब एक स्थानीय व्यक्ति ने चुपके से रिश्वत लेते हुए बाबू का वीडियो रिकॉर्ड कर लिया और इसे सोशल मीडिया पर शेयर कर दिया।

## हरियाणा में बारिश, कोहरा और शीतलहर का कहर

चंडीगढ़। पश्चिमी विक्षोभ के असर से हरियाणा में ठंड का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। पहाड़ों पर लगातार हो रही बर्फबारी का असर मैदानी इलाकों में भी साफ दिखाई दे रहा है। मंगलवार रात को हुई बारिश और तेज बर्फीली हवाओं के कारण तापमान में भारी गिरावट आई है। दिसंबर के आखिरी दिनों में पड़ रही इस ठंड का आम जनजीवन पर गहरा असर पड़ रहा है। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों के लिए हरियाणा में येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार 25-26 दिसंबर को सुबह के समय घना कोहरा छाए रहने की संभावना है। 27-28 दिसंबर को पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से कई जिलों में बारिश और ओलावृष्टि की संभावना है। दिन के तापमान में और गिरावट आने से ठंड बढ़ सकती है। खासकर बुजुर्गों और बच्चों को घर के अंदर रहने और गर्म कपड़े पहनने की हिदायत दी गई है। बारिश ने सर्दी का असर बढ़ा दिया है। पिछले दो दिनों में प्रदेश में औसतन 1.8 एमएम बारिश दर्ज की गई है। इससे दिसंबर में अब तक हुई बारिश की 40 फीसदी कमी पूरी हो गई है। हालांकि, एक जनवरी से अब तक 2.2 एमएम बारिश दर्ज की गई है, जो सामान्य से 44 फीसदी कम है।

बारिश के कारण किसानों और खुले में काम करने वालों के लिए यह मौसम चुनौतीपूर्ण हो गया है।

हरियाणा के अंबाला, हिसार, रोहतक और कुरुक्षेत्र समेत कई जिलों में घना कोहरा छाया हुआ है। विजिबिलिटी कम होने से सड़क और रेल यातायात प्रभावित हो रहा है। यातायात विभाग ने वाहन चालकों को कोहरे में धीमी गति से वाहन चलाने और फॉग लाइट का प्रयोग करने की सलाह दी है ।ठंड के साथ नए साल की शुरुआत मौसम के बदलते मिजाज के कारण नए साल की शुरुआत कड़ाके की ठंड के साथ होने की संभावना है।

## अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर हरियाणा में मनाया गया सुशासन दिवस

**चंडीगढ़।** भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर पूरे देश के साथ-साथ हरियाणा में भी सुशासन दिवस मनाया जा रहा है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल जी को उनकी दूरदर्शिता, कुशल नेतृत्व और जनसेवा के प्रति समर्पण के लिए याद किया जाता है। इस दिन को खास बनाने के लिए हरियाणा के विभिन्न जिलों में कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। सुशासन दिवस राज्य स्तरीय कार्यक्रम गुरुग्राम विश्वविद्यालय में आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सैनी ने स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धांजलि दी और उनके द्वारा स्थापित उच्च आदर्शों को याद किया। उन्होंने कहा कि अटल जी के नेतृत्व ने न केवल भारत को अंतरराष्ट्रीय मंच पर नई पहचान दिलाई, बल्कि उनके शासन में पारदर्शिता और जनता के प्रति जवाबदेही को एक नई दिशा मिली।

# प्रधानमंत्री ने अटल जी की 100वीं जयंती पर देश की पहली केन-बेतवा राष्ट्रीय परियोजना का किया शिलान्यास

**भोपाल ( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पिछले 1 वर्ष में मध्यप्रदेश में विकास कार्यों को नई गति मिली है। आज मध्यप्रदेश में हजारों करोड़ की विकास परियोजनाओं की शुरुआत हुई है। भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेई के सपने को साकार करती हुई देश की पहली नदी जोड़ी परियोजना केन-बेतवा का आज यहाँ शिलान्यास हुआ है। इसके साथ ही देश के पहले फ्लोटिंग सोलर पॉवर प्रोजेक्ट, ओंकारेश्वर का भी शिलान्यास हुआ है। इसके लिए मध्यप्रदेश के कर्मठ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सरकार और यहां की जनता को बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं।




प्रधानमंत्री श्री मोदी ने अपने संबोधन की शुरूआत बुंदेलखंडी बोली में करते हुए कहा, %वीरों की धरती ई बुंदेलखंड पे रहबे बारे सबई जनन खों हमाई तरफ से हाथ जोड़के राम-राम पौंचे%। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि देश के विकास में अटल जी का योगदान सदैव याद रखा जाएगा। वे सुशासन के प्रतीक थे। आज उनकी जन्म शताब्दी के अवसर पर उनकी स्मृति में मध्यप्रदेश में 1153 अटल ग्राम सेवा सदन का निर्माण प्रारंभ हो रहा है, जिसकी पहली किश्त भी जारी की गई है। सुशासन हमारी सरकार की पहचान है। हमारे लिए जनहित, जनकल्याण और विकास सर्वोपरि है। हम जन सामान्य के लिए समर्पित हैं। आजादी के दीवानों ने देश के लिए अपना लहू बहाया था, हम उनके सपनों को पूरा करने के लिए पसीना बहाते हैं। अच्छी योजनाओं के साथ ही उन्हें लागू करना और उनका लाभ 100त्न लाभार्थी तक पहुंचाना सुशासन का पैमाना है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि केन-बेतवा लिंक परियोजना से बुंदेलखंड क्षेत्र की समृद्धि और खुशहाली के द्वार खुलेंगे। बुंदेलखंड क्षेत्र में बूंद-बूंद पानी के लिए संघर्ष किया है, परंतु पूर्ववर्ती सरकारों ने जल संकट का कोई स्थाई समाधान नहीं निकाला।

आजादी के सात दशक बाद भी राज्यों के बीच नदियों के जल के लेकर विवाद चलते रहे, परंतु उन्हें दूर करने का कोई ठोस प्रयास नहीं किया गया। जब अटल जी की सरकार बनी तो उन्होंने नदी जोड़ो के रूप में इसका स्थाई हल निकाला और उसका कार्य भी शुरू कर दिया गया, परन्तु 2004 के बाद वह बंद कर दिया गया। आज अटल जी का नदी जोड़ने का सपना मध्यप्रदेश की भूमि पर साकार होने जा रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने जल शक्ति और जल संसाधन के विकास के लिए लिए बाबा साहेब अंबेडकर के विजन और किए गए प्रयासों की सराहना भी की। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि जल समस्या 21वीं सदी की सबसे बड़ी चुनौतियों में एक है। वही देश आगे बढ़ेगा जिसके पास पर्याप्त जल और उसका उचित प्रबंध होगा। गुजरात में सूखा पड़ता था परंतु मां नर्मदा के आशीर्वाद से गुजरात का भाग्य बदल गया। मध्यप्रदेश ने सूखाग्रस्त गुजरात को जलयुक्त बनाया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि मैंने बुंदेलखंड की बहनों और किसानों से जो वादा किया था, आज मैं 45 हजार करोड़ रूपये की सिंचाई परियोजना के साथ उसे पूरा करने आया हूं। आज यहां दौधन बांध का शिलान्यास हुआ है। इससे जो नहर निकलेगी वो लगभग 11 लाख हैक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई करेगी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश में यह दशक जल सुरक्षा और जल संरक्षण के दशक के रूप में याद किया जाएगा। देश में पिछले सात दशक में सिर्फ 3 करोड़ परिवारों के पास नल से जल पहुंचता था। हमारी सरकार ने पिछले 5 वर्षों में 12 करोड नए परिवारों तक नल से जल पहुंचाया है। जल जीवन मिशन के अंतर्गत पीने के पानी की गुणवत्ता की जांच के लिए देशभर में 2100 वॉटर क्वालिटी लैब बनाए गए हैं और 25 लाख महिलाओं को शिक्षित किया गया है। शुद्ध पेयजल बीमारी से बचाव भी करता है प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि वर्ष 2014 से पहले देश में 100 बड़ी सिंचाई परियोजनाएं अधूरी पड़ी थी, हमारी सरकार ने हजारों करोड़ रुपए खर्च करके उन्हें पूरा करवाया है। देश में आधुनिक तरीके से एक करोड़ हैक्टेयर भूमि में माइक्रो इरिगेशन किया जा रहा है। मध्यप्रदेश में पिछले 10 साल में 5 लाख हैक्टेयर भूमि में माइक्रो इरिगेशन हो रहा है। आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर देश के हर जिले में 75-75 अमृत सरोवर बनाए जा रहे हैं। कैच द रेन अभियान के अंतर्गत 3 लाख से अधिक रिचार्ज वेल बनाए गए हैं। मध्यप्रदेश सहित अन्य राज्यों में जहाँ-जहाँ भूजल स्तर कम था, वहाँ अटल भूजल योजना चलाई गई है। मध्यप्रदेश दुनिया के 10 सबसे बड़े आकर्षक टूरिस्ट डेस्टिनेशन में शामिल।

## उपमुयमंत्री एकनाथ शिंदे ने जाना विनोद कांबली का हाल

**मुंबई ( एजेंसी )।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की ओर से भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व बल्लेबाज विनोद कांबली को 5 लाख रुपये की निजी सहायता देने की घोषणा की गई है। कांबली 90 के दशक के स्टाइलिश बाएं हाथ के बल्लेबाज रहे हैं। फिलहाल उनकी स्वास्थ्य स्थिति ठीक नहीं है और उनको ठाणे (भिवंडी) के आकृति अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को जैसे ही कांबली के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी मिली, उनके



आदेशानुसार उनके ओएसडी मंगेश चिवटे ने उनसे मुलाकात की और उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने आकृति अस्पताल के डॉक्टरों से कांबली के लिए सर्वोत्तम इलाज सुनिश्चित करने का अनुरोध भी किया।

## जयपुर में लाल चंदन की तस्करी का भंडाफोड़, 100 किलो लकड़ी जब्त

**जयपुर ( एजेंसी )।** कर्नाटक वन विभाग की सूचना पर राजस्थान वन विभाग ने जयपुर में लाल चंदन की अवैध तस्करी का भंडाफोड़ करते हुए 100 किलो लकड़ी, चिप्स, बुरादा और तेल जब्त किया है। यह कार्रवाई जयपुर के शास्त्री नगर स्थित नामक फर्म पर की गई, जो दक्षिण भारत से चंदन की लकड़ी मंगवाकर कर्नाटक में अवैध रूप से भेजने के धंधे में शामिल थी ।मुख्य वन संरक्षक, जयपुर, राजीव चतुर्वेदी ने बताया कि यह कार्रवाई वन्य उपज तस्करों के खिलाफ वन विभाग की सख्ती है। उन्होंने बताया कि फर्जी कागजात के सहारे चल रहे अवैध कारोबार को जड़ से खत्म करने के लिए सभी आवश्यक



कदम उठाए जा रहे हैं। चतुर्वेदी ने बताया कि कर्नाटक वन विभाग ने 19 दिसंबर 2024 को राजस्थान के प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन बल प्रमुख) को पत्र लिखकर जानकारी दी थी कि जयपुर की नामक फर्म अवैध रूप से चंदन की लकड़ी और उसके उत्पादों की आपूर्ति कर रही है।

## बांग्लादेशी आतंकी संगठन शुभेंदु अधिकारी को बना सकता है निशाना

**कोलकाता ( एजेंसी )।** केंद्रीय खुफिया एजेंसियों ने पश्चिम बंगाल सरकार को विधानसभा में विपक्ष के नेता (एलओपी) शुभेंदु अधिकारी पर संभावित आतंकी हमले के बारे में सचेत किया है।

यह हमला बांग्लादेश स्थित कट्टरपंथी संगठन के सहयोगियों द्वारा किया जा सकता है, जो पड़ोसी देश के साथ लगती सीमा के जरिए भारतीय क्षेत्र में पहले ही प्रवेश कर चुके हैं। सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय एजेंसियों की ओर से राज्य सचिवालय को भेजी गई दो सूचनाओं में यह स्पष्ट रूप से कहा गया है कि विपक्ष के नेता दो बांग्लादेशी कट्टरपंथी संगठनों जमात-उल-मुजाहिदीन बांग्लादेश (जेएमबी) और हिज्ब-उत-तहरीर (एचयूटी) के निशाने पर हैं।

सूत्रों ने बताया कि खुफिया रिपोर्टों में यह भी दावा किया गया है कि विपक्ष के नेता को उन कई सार्वजनिक कार्यक्रमों में निशाना बनाया जा सकता है, जिनमें वह रोजाना भाग ले रहे हैं। इन कार्यक्रमों में वह बांग्लादेश में हाल के संकट, खासकर वहां अल्पसंख्यकों और हिंदू धार्मिक प्रतिष्ठानों पर हमले के बारे में लगातार मुखर रहे हैं।

## नीतीश कुमार और नवीन पटनायक को भारत रत्न मिले : गिरिराज सिंह

**बेगूसराय ( एजेंसी )।** बिहार में एनडीए के सहयोगी दलों के बीच नाराजगी के कयासों को लेकर बुधवार को केंद्रीय मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता गिरिराज सिंह ने बड़ा बयान दिया। उन्होंने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और ओडिशा के मुख्यमंत्री रहे नवीन पटनायक को भारत रत्न जैसे पुरस्कारों से पुरस्कृत करने की मांग की। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने बुधवार को पत्रकारों से चर्चा के दौरान कहा कि बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव में एनडीए नीतीश कुमार के नेतृत्व में मैदान में उतरेगी और बिहार में फिर से एनडीए की सरकार बनेगी। इसे लेकर किसी को कन्फ्यूजन में नहीं रहना चाहिए। बेगूसराय से सांसद गिरिराज सिंह ने आगे कहा कि नीतीश कुमार इतने दिनों तक मुख्यमंत्री रहे। उन्होंने बिहार को एक ऊंचाई पर ले जाने का काम किया है। ओडिशा में नवीन पटनायक ने भी वर्षों तक सेवा की है। ऐसे व्यक्तियों को देश में पुरस्कृत करने की जरूरत है।

## अल्लू अर्जुन ने पीड़ित परिवार को 2 करोड़ रुपए की सहायता राशि दी

**हैदराबाद ( एजेंसी )।** पुष्पा 2 : द रूल के मेकर्स के साथ ही अभिनेता अल्लू अर्जुन ने 4 दिसंबर को संध्या थिएटर में फिल्म के प्रीमियर शो के दौरान भगदड़ में दम तोड़ने वाली महिला और गंभीर रूप से घायल उनके बेटे की तरफ मदद का हाथ बढ़ाया है। पीड़ित परिवार के लिए दो करोड़ रुपए की सहायता राशि देने की घोषणा की



गई है। यह घोषणा अल्लू अर्जुन के पिता और मशहूर निर्माता अल्लू अरविंद बुधवार को केआईएमएस अस्पताल में इलाज करा रहे भगदड़ में घायल श्री तेजा से मुलाकात के बाद की। अल्लू अरविंद ने मीडिया को बताया कि 2 करोड़ रुपए का चेक तेलंगाना राज्य फिल्म विकास निगम के अध्यक्ष दिल राजू को सौंप दिया गया। उन्होंने बताया कि लड़के और उसके परिवार की मदद के लिए फिल्म यूनिट ने 2 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता देने का फैसला किया है।

## राजस्थान : करौली में बस की टक्कर से कार के उड़े परखच्चे, एक ही परिवार के 5 लोगों की मौत

**करौली ( एजेंसी )।** राजस्थान के करौली जिले में रात को एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। यहां एक निजी बस और कार के बीच जबरदस्त टक्कर हुई है। हादसे में कार सवार 5 लोगों की मौत हो गई है जबकि बस में सवार 15 यात्री भी जख्मी हुए हैं जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

हादसा इतना गंभीर था कि कार और बस के परखच्चे उड़ गए। हादसे में कार सवार एक ही परिवार के 5 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। छ्वरू नीलाभ सक्सेना, स्क्क बृजेश ज्योति उपाध्याय और स्क्कगुमनाराम तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे।



# मेट्रो विस्तारीकरण पर कुल 5452.72 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगें : मुख्यमंत्री नायब सिंह

**चंडीगढ़ ( एजेंसी )।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा कि गुरूग्रामवासियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए गुरूग्राम के मिलेनियम सिटी सेंटर से रेलवे स्टेशन, सैक्टर-22 व साइबर सिटी के बीच मैट्रो विस्तारीकरण किया जाएगा। इस परियोजना पर कुल 5452.72 करोड रूपए खर्च किए जाएंगें। उन्होंने बताया कि गुरुग्राम में मेट्रो विस्तारीकरण का निर्माण कार्य आगामी 1 मई, 2025 से शुरू कर दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने यह जानकारी आज यहां गुरुग्राम में उनकी अध्यक्षता में गुरुग्राम मेट्रो रेल लिमिटेड (जीएमआरएल) के तहत मिलेनियम सिटी सेंटर से रेलवे स्टेशन, सेक्टर-22 व साइबर सिटी के बीच मेट्रो विस्तारीकरण के लिए आयोजित एक बैठक में दी। इस मौके पर उद्योग मंत्री राव नरबीर सिंह व पूर्व विधायक बिमला चौधरी भी उपस्थित रहीं। बैठक में मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि मेट्रो विस्तारीकरण का कार्य 4 साल में पूरा होगा। इस संबंध में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लोगों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए मेट्रो के कार्य को तेज गति से आगे बढ़ाया जाए।



इसके अलावा, उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि लोगों को मेट्रो निर्माण के दौरान किसी प्रकार की असुविधा ना हो और यातायात सुचारू रूप से संचालित रहे, उस संबंध में भी बेहतरीन योजना बनाई जाए। उन्होंने कहा कि जब भी कोई बड़ा निर्माण इंफ्रास्ट्रक्चर खड़ा किया जाता है। तो वह लंबे समय तक चले और लोगों को लाभ मिले, ऐसी योजना अधिकारियों को बनानी चाहिए। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि इस परियोजना पर केन्द्र सरकार द्वारा 896.19 करोड़ रुपए तथा हरियाणा सरकार की ओर से 4556.53 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगें। इस परियोजना के अंतर्गत मीडियम मेट्रो को स्थापित किया जाएगा तथा यह स्टैण्डर्ड गेज पर संचालित होगी। इसके अलावा, यह मैट्रो सीबीटीसी अर्थात कम्युनिकेशन बेस्ड ट्रेन कंट्रोल सिग्नल पर आधारित होगी तथा अधिकतम स्पीड 80 किलोमीटर प्रति घंटा होगी। शुरुआत में इस मेट्रो कनेक्टिविटी में 3 कोच लगाए जाएंगे तथा उसके बाद इसे 6 कोच तक बढ़ाया जाएगा। मुख्यमंत्री को बैठक के दौरान अवगत कराया गया कि मेट्रो विस्तारीकरण के निर्माण के दौरान पांच अंडरपास और फ्लाईओवर भी बनाए जाने हैं।

बैठक में बताया गया कि मिलेनियम सिटी से साइबर सिटी, गुरूग्राम के बीच चलने वाली मैट्रो रेल की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट को हरियाणा सरकार तथा केन्द्र सरकार से मंजूरी प्रदान की जा चुकी है तथा इस परियोजना की आधारशिला प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 16 फरवरी, 2024 को रेवाड़ी में रखी गई थी। बैठक में बताया गया कि 28.50 किलोमीटर लंबी इस मैट्रो रेल लाईन पर कुल 27 स्टेशन होंगें तथा एक डिपो भी निर्मित किया जाएगा जिसमें से 8 स्टेशन मॉडल स्टेशन होंगे।

जीयोटैक्नीकल इन्वेस्टिगेशन के लिए पहले पैकेज-1 (13 किलोमीटर) का कार्य पूरा

बैठक में बताया गया कि इस मैट्रो परियोजना को स्थापित करने के लिए गुरुग्राम मेट्रो रेल लिमिटेड द्वारा 20 अति आवश्यक पदों पर प्रतिनियुक्ति या तत्काल समावेश के आधार पर पात्र उम्मीदवारों को उनके मूल विभाग के नियम व शर्तों के आधार पर चिन्हित कर रखने की कवायद जारी है। इसी प्रकार, जियो टेक्निकल इन्वेस्टिगेशन के लिए पहले पैकेज-1 (13 किलोमीटर) का कार्य पूरा हो चुका है जबकि सिविल, आर्किटेक्चर और ई व एम का कार्य आरंभ कर दिया गया है। इस परियोजना के तहत डिपो तैयार करने के लिए कंसलटेंट नियुक्त करने तथा पहले सिविल पैकेज (मिलेनियम सिटी सेंटर से सेक्टर-9 तथा सैक्टर-101 द्वारका, लगभग कुल लंबाई 13 किलोमीटर) के लिए 31 जनवरी, 2025 तक टेंडर मंगवाए जाएंगे। इसी प्रकार, दूसरे सिविल पैकेज (सैक्टर-9 से साइबर सिटी, लगभग 13 किलोमीटर) के लिए 15 फरवरी, 2025 तक टेंडर मंगवाए जाएंगें। बैठक में बताया गया कि इस मैट्रो विस्तारीकरण परियोजना को क्रियान्वित करने के लिए एक कार्यकारी समिति व एक समन्वय समिति का भी गठन किया गया है, जो इस परियोजना को जल्द से जल्द पूर्ण करने के लिए दिन-प्रतिदिन आने वाले विभिन्न समन्वय मुद्दों का निष्पादन करेगी। बैठक के दौरान वर्तमान सत्तारूढ़ पार्टी द्वारा अपने संकल्प पत्र में 10 औद्योगिक शहर बसाने को लेकर किए गए संकल्प के संबंध में भी चर्चा की गई। बैठक में बताया गया की कुंडली- मानेसर-पलवल एक्सप्रेसवे के साथ पंचग्राम योजना विचाराधीन है और इस संबंध में विभिन्न कई निर्णय लिए जाने हैं।

# बॉक्सिंग डे टेस्ट नहीं खेलेगा राशिद खान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूरी दुनिया में क्रिसमस की धूम है लेकिन क्रिसमस के ठीक एक दिन बाद यानी 26 दिसंबर से क्रिकेट के फैंस के लिए जैसे महोत्सव शुरु हो रहा है. बॉक्सिंग डे पर एक नहीं, दो नहीं बल्कि 3 टेस्ट शुरु हो रहे हैं. भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर गावस्कर सीरीज का चौथा टेस्ट मेलबर्न में शुरु हो रहा है. वहीं साउथ अफ्रीका और पाकिस्तान की टीम भी सेंचूरियन में भिड़ेगी. तीसरा टेस्ट जिंबाब्वे और अफगानिस्तान के बुलावायो में खेला जाएगा. इस टेस्ट से एक दिग्गज खिलाड़ी बाहर हो गया है. जिंबाब्वे और अफगानिस्तान के बीच होने वाले बॉक्सिंग डे टेस्ट से अफगानिस्तान के स्टार खिलाड़ी राशिद खान बाहर हो गए हैं. अफगानिस्तान के लिए ये एक बहुत बड़ा झटका है. राशिद जितने अच्छे स्पिनर हैं उतने ही अच्छे निचले क्रम के बल्लेबाज हैं. इसलिए उनका टीम से बाहर होना अफगानिस्तान के लिए झटका है और टीम के लिए इसकी भरपाई मुश्किल है. राशिद खान के बॉक्सिंग डे मैट से बाहर रहने की वजह एक चैरिटी इवेंट है जिसमें राशिद को भाग लेना है. बता दें कि अंतरराष्ट्रीय और लीग क्रिकेट की व्यस्तता के बीच राशिद सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हैं. इसी वजह से उन्होंने आगामी टेस्ट से भी बाहर रहने का फैसला लिया है और इसमें उन्हें उनकी टीम मैनेजमेंट का सहयोग मिला है.

# बॉक्सिंग डे टेस्ट में रोमांचक मुकाबले की संभावना, क्या रोहित करेंगे ओपनिंग

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच के दूसरे भाग में बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के साथ रोमांचक होने की उम्मीद है। पर्थ टेस्ट में भारत को 295 रन की बड़ी जीत मिली, लेकिन पैट कमिंस की ऑस्ट्रेलिया ने एडिलेड ओवल में गुलाबी गेंद वाले टेस्ट में 10 विकेट की जीत के साथ वापसी की। पांच मैच की टेस्ट श्रृंखला अभी 1-1 से बराबर है। मेलबर्न टेस्ट सीरीज में भारत की किस्मत का फैसला कर सकता है। मौजूदा पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में बॉक्सिंग डे टेस्ट भारत के लिए बनाने या बिगाड़ने% वाला हो सकता है।




रोहित शर्मा पर दबाव है, जिन्होंने अपने पिछले पांच टेस्ट नहीं जीते हैं, लेकिन उनमें से चार हार गए हैं। बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज़ के बाद से, रोहित को परेशानियों का सामना करना पड़ा है क्योंकि उन्होंने बल्ले से भी अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है। भारतीय कप्तान क्रिसमस की पूर्व संध्या पर अभ्यास के लिए उतरने वाले आखिरी खिलाड़ी थे और कयास लगाए जा रहे हैं कि वह अभी तक अच्छा प्रदर्शन करने वाले केएल राहुल की जगह पारी की शुरुआत कर सकते हैं। अगर ऐसा होता है तो राहुल को फिर तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरना पड़ेगा। इस तरह की स्थिति में शुभमन गिल को या तो मध्य क्रम में उतरना होगा या फिर उन्हें ध्रुव जुरेल के लिए जगह खाली करनी होगी। रोहित मध्यक्रम में असफल रहे और अभी तक तीन पारियों में उनके नाम पर केवल 19 रन दर्ज हैं। अब अगर उन्हें सलामी बल्लेबाज के रूप में उतारा जाता है तो यह देखना दिलचस्प होगा कि भारतीय टीम का बल्लेबाजी क्रम का संयोजन कैसा होगा। दूसरी ओर, ऑस्ट्रेलिया की टीम लय में है, हालांकि वे ब्रिस्बेन के गाबा में तीसरे टेस्ट में जीत हासिल नहीं कर सके। भारत को एमसीजी में खेलने में मजा आता है, खासकर टेस्ट क्रिकेट में। भारत ने ऑस्ट्रेलियाई धरती पर 10 टेस्ट जीते हैं, जिनमें से चार मेलबर्न के प्रतिष्ठित स्थल पर जीते हैं। 1977 में बिशन सिंह बेदी की कप्तानी में भारत ने 222 रनों से जीत हासिल की थी, जिसके बाद 1981 में सुनील गावस्कर एंड कंपनी ने 59 रनों से जीत हासिल की थी। वास्तव में, भारत ने मेलबर्न में अपना दबदबा दिखाते हुए बैक-टू-बैक टेस्ट जीते थे।

# कोंस्टास वार्नर के क्लोन नहीं, बल्कि उनके स्वाभाविक उत्तराधिकारी हैं: चैपल

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** किशोर बल्लेबाज सैम कोंस्टास भारत के खिलाफ महत्वपूर्ण बॉक्सिंग डे टेस्ट में एमसीजी में पदार्पण करने के लिए तैयार हैं, पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर ग्रेग चैपल का मानना है कि यह युवा खिलाड़ी पूर्व सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर का स्वाभाविक उत्तराधिकारी है, न कि उनका क्लोन।

सैम कोंस्टास बॉक्सिंग डे पर 468वें ऑस्ट्रेलियाई पुरुष टेस्ट खिलाड़ी बन जाएंगे। 19 वर्षीय खिलाड़ी 2011 में 18 वर्षीय पैट कमिंस के पदार्पण के बाद बैगी ग्रीन में खेलने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन जाएंगे।चैपल ने द एज के लिए अपने कॉलम में लिखा, केवल 19 वर्ष की उम्र में, कोंस्टास इतिहास के शिखर पर हैं। वह ऑस्ट्रेलिया के लिए टेस्ट में बल्लेबाजी की शुरुआत करने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी होंगे। बॉक्सिंग डे पर उनका पदार्पण रोमांचक और चुनौतीपूर्ण दोनों है। कोंस्टास के पास शानदार रन बनाने और तेजी से अनुकूलन करने का स्वभाव और क्षमता है।

कोंस्टास को सलामी बल्लेबाज नाथन मैकस्वीनी की जगह शामिल किया गया है, जिनके स्थान पर ऑस्ट्रेलिया के चयनकर्ताओं द्वारा गाबा में ड्रॉ हुए तीसरे टेस्ट के दौरान दो एकल अंकों के स्कोर के बाद काफी बहस हो रही थी।

उन्होंने कहा, मेरा हमेशा से मानना रहा है कि चयनकर्ताओं का काम चैंपियन को तलाशना है, न कि उन खिलाड़ियों को चुनना जो नंबर बनाते हैं। अगर आप सही खिलाड़ी चुनते हैं।

# मैं सोच रही थी कि मेरी मां मेरे पहले वनडे शतक पर कितनी खुश होंगी: हरलीन

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारत की बल्लेबाज हरलीन देओल, जिन्होंने वेस्टइंडीज पर 115 रनों की जीत में अपना पहला वनडे शतक बनाया, ने कहा कि वह सोच रही थी कि उनकी मां उन्हें अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पहली बार शतक बनाते हुए देखकर कितनी खुश होंगी।




वडोदरा के कोटांबी स्टेडियम में, हरलीन ने 103 गेंदों पर 115 रन बनाए, जिसमें 16 चौके शामिल थे, जिससे भारत ने 358/5 का स्कोर बनाया, जो महिला वनडे में उनका संयुक्त उच्चतम स्कोर है। उन्होंने 62 गेंदों पर अपना अर्धशतक बनाया, और फिर तेजी से आगे बढ़ते हुए 98 गेंदों पर अपना शतक पूरा किया।

मेरी मां हमेशा यही कहती रहती है कि भगवान उन्हें खुशियां देते हैं जो उन्हें बांटते हैं। जो लोग उन्हें बांटते नहीं, भगवान कहते हैं कि वे उन्हें बांट नहीं रहे हैं, क्योंकि वे इतनी छोटी सी खुशी से खुश नहीं होंगे। यह भगवान की योजना है। आपको बस इस पर विश्वास करते रहना है। उन पर भरोसा करते रहना है। बस यही एक बात है।

बीसीसीआई के सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट किए गए वीडियो में हरलीन ने कहा,आप यह नहीं सोच सकते कि काश मैं अगले 10 मैचों में 100 रन बना पाती । लेकिन ऐसा लगता है, यह भी संभव हो सकता है। जब मैं वहां था, तो मैं सोच रही थी कि मेरी मां कितनी खुश होगी। मुझे याद है कि जब मैं घायल हुई थी, तो हर कोई मेरे आस-पास था। लेकिन तब मेरी मां एक ऐसी इंसान थी, जो कभी इस बात से चिढ़ती नहीं थी कि मैं चल नहीं सकती। हरलीन ने कहा, अगर आप पानी की बोतल उठाना चाहते हैं, तो आप ऐसा नहीं कर सकते। हरलीन की पारी का महत्व बहुत बड़ा है, क्योंकि उन्हें डब्ल्यूपीएल 2024 में गुजरात जायंट्स के लिए खेलते समय घुटने में चोट लग गई थी और मुंबई में उनकी सर्जरी हुई थी। जेमिमा रोड्रिग्स, जिन्होंने 34 गेंदों में अर्धशतक लगाया और हरलीन के साथ चौथे विकेट के लिए सिर्फ 71 गेंदों पर 116 रनों की साझेदारी की, ने याद किया कि बल्लेबाज को शतक बनाते देखकर वह कितनी खुश थीं।

जेमिमा ने कहा,जब मैं उनसे मिलने गई, तो उन्हें बस इतना करना था कि रिहैब के तौर पर अपना पैर सीधा करना था। मुझे याद है कि मैं वहीं बैठी थी और हैरी के चेहरे पर आंसू बह रहे थे। एक दोस्त के तौर पर, मैं इसे देख नहीं पाई और उस दिन से लेकर अब तक, मैं इतनी खुश थी कि जब मैं नॉन-स्ट्राइकर एंड पर थी, जब यह पल हुआ, तो मैं बहुत भावुक हो गई। मैं बहुत खुश हूं कि तुमने 100 रन बनाए।

रिहैब चरण ने उसे मानसिक रूप से कैसे मजबूत बनाया, इस बारे में बात करते हुए हरलीन ने कहा, जब आप रिहैब में होते हैं, तो आप छोटी-छोटी चुनौतियों से आगे बढ़ते रहते हैं। इसलिए, आप मानसिक रूप से मजबूत हो जाते हैं। हम बिना सोचे-समझे आगे की योजना बनाते हैं - यह और वह करने के लिए, लेकिन ऐसा नहीं होता। इसलिए, मैं बस समय लेती हूं - एक दिन में एक दिन जीती हूं। बस उस समय का आनंद लें, उस पल का आनंद लें। अगला दिन, अगली शुरुआत, अगला सब कुछ, अगले दिन।

इस जीत ने भारत को टी20 सीरीज़ 2-1 से जीतने के बाद वनडे सीरीज़ भी जीतने में मदद की। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम शुक्रवार सुबह वडोदरा में वेस्टइंडीज के खिलाफ 50 ओवर की सीरीज़ का अपना आखिरी मैच खेलेगी।

# ऑस्ट्रेलिया की कमज़ोर बल्लेबाजी लाइन-अप का मतलब है कि भारत आगे है : शास्त्री



**मेलबर्न ( एजेंसी )।** भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया की कमज़ोर बल्लेबाजी लाइन-अप का मतलब है कि गुरुवार से मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) पर शुरू होने वाले बॉक्सिंग डे टेस्ट से पहले भारत आगे है।

पांच मैचों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज़ फिलहाल 1-1 से बराबर है। मुझे लगता है कि यह काफी कमज़ोर रही है। जब आप इस ऑस्ट्रेलियाई लाइन-अप को देखते हैं, तो मुझे बहुत समय हो गया है जब मैंने ऐसा ऑस्ट्रेलियाई लाइन-अप देखा है जिसमें शीर्ष क्रम इतना कमज़ोर हो। भारत ने इसका फ़ायदा उठाया है और आगे भी उठाता रहेगा।

शास्त्री ने न्यूज़डॉटकॉमडॉटएयू से कहा, मुझे लगता है कि यह एक शानदार मैच होने वाला है। मुझे लगता है कि भारत इस सीरीज़ को जीत लेगा, जिस तरह से यह सीरीज़ आगे बढ़ रही है। कोई भी विदेशी टीम 1-1 से बराबरी पर हो, खासकर जब मैच पर्थ, एडिलेड और ब्रिसबेन में हो, तो वे इसे जीत लेंगे। बॉक्सिंग डे में 1-1 से बराबरी पर जाना सबसे अच्छी स्थिति है। मैं कहूंगा कि भारत आगे है।

उन्होंने सैम कोंस्टास के बारे में भी अपना दृष्टिकोण साझा किया, जो एमसीजी में अपना टेस्ट डेब्यू करने के लिए तैयार हैं, पहले तीन मैचों में खराब प्रदर्शन के बाद नाथन मैकस्वीनी को बाहर कर दिया गया था। युवा कोंस्टास के लिए सबसे बड़ी चुनौती 21 विकेट लेकर मौजूदा सीरीज में सबसे ज़्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का मुकाबला करना होगा।

भारत सीरीज में 1-1 से बराबर है और उस आदमी (बुमराह) ने अकेले ही भारत को उस स्थिति में पहुंचा दिया है। जहां तक कोंस्टास की बात है, मुझे लगता है कि वह बहुत तरोताज़ा है। उसके पास प्रतिभा है, वह शानदार है।

# कोंस्टास के सामने बुमराह के रूप में बड़ी चुनौती होगी : पोंटिंग

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि सैम कोंस्टास में भारत के खिलाफ टेस्ट डेब्यू में अपनी छाप छोड़ने की क्षमता है। उन्होंने कहा कि किशोर बल्लेबाज में दुनिया को यह दिखाने का जज्बा है कि वह कितने अच्छे खिलाड़ी हैं। लेकिन उनके सामने जसप्रीत बुमराह के रूप में बड़ी चुनौती होगी। कोंस्टास (19) गुरुवार को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर 90,000 से अधिक प्रशंसकों के सामने बॉक्सिंग डे टेस्ट में भारत के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने के लिए तैयार हैं, क्योंकि उन्हें नैथन मैकस्वीनी की जगह टीम में शामिल किया गया है। ऑस्ट्रेलिया की 2024 अंडर-19 पुरुष विश्व कप जीतने वाली टीम के सदस्य कोंस्टास ने कैनबरा के मनुका ओवल में भारत के खिलाफ अभ्यास मैच में प्रधानमंत्री एकादश की ओर से खेलते हुए शतक बनाया। 11 प्रथम श्रेणी मैचों में कोंस्टास ने 42.2 की औसत से 718 रन बनाए हैं, जिसमें दो शतक और तीन अर्द्धशतक शामिल हैं। मैंने बहुत कुछ देखा है, इसमें कोई संदेह नहीं है कि वहां बहुत प्रतिभा है। जिस तरह से उन्होंने पीएम इलेवन गेम में खेला (उन्होंने भारतीयों के खिलाफ 107 रन बनाए), जिस तरह से वह उस रात अपने पहले बीबीएल गेम में खेलने में सक्षम थे।

# जसप्रीत बुमराह ने रच दिया इतिहास

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** मौजूदा बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में अपने प्रदर्शन के परिणामस्वरूप, भारत के उप-कप्तान जसप्रीत बुमराह ने न केवल मैदान पर बल्कि मैदान के बाहर भी अपना प्रभावशाली प्रदर्शन जारी रखा है। टेस्ट क्रिकेट में नवीनतम आईसीसी रैंकिंग के अनुसार, बुमराह ने अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ रेटिंग अंक प्राप्त किए, क्योंकि भारतीय अगुआ ने 904 अंकों के साथ शीर्ष पर अपना शासन बढ़ाया। 904 किसी भारतीय गेंदबाज द्वारा हासिल किए गए सर्वश्रेष्ठ रेटिंग अंक भी हैं क्योंकि बुमराह ने आर अश्विन की बराबरी की। दुनिया के पांचवें नंबर के टेस्ट गेंदबाज के रूप में अपना अंतरराष्ट्रीय करियर खत्म करने वाले अश्विन ने 2016 के घरेलू टेस्ट सीज़न के दौरान 904 अंक हासिल किए थे। वरिष्ठ अधिकारी ने इसे 789 रेटिंग अंक पर रद्द कर दिया। बारिश से प्रभावित गाबा टेस्ट में नौ विकेट लेने वाले बुमराह ने अभी तक अपने टेस्ट करियर में 10 विकेट लेने का कारनामा नहीं किया है, लेकिन मौजूदा ऑस्ट्रेलिया श्रृंखला में पहले ही 21 विकेट ले चुके हैं, ऐसा लगता है कि स्ट्राइकर गेंदबाज अपनी शक्तियों के चरम पर है। एकमात्र गेंदबाज, जो लीग के शीर्ष पर बुमराह को चुनौती दे सकते हैं, वे हैं कगिसो रबाडा, जो वर्तमान में 856 अंकों (सर्वश्रेष्ठ 902) के साथ दूसरे स्थान पर हैं और पैट कमिंस चौथे (सर्वश्रेष्ठ 914) अंक के साथ चौथे स्थान पर हैं। गेंदबाज़ों के लिए अन्य बदलावों में, भारत के रवींद्र जड़ेजा पिछले सप्ताह ब्रिस्बेन में विकेट न ले पाने के कारण चार स्थान गिरकर 10वें स्थान पर खिसक गए। बल्लेबाजों की सूची में, काफी बदलाव हुए क्योंकि श्रृंखला में एक और बड़े स्कोर, लगातार दूसरे शतक के बाद ट्रैविस हेड एक स्थान के फायदे से चौथे नंबर पर आ गए।




भारत के यशस्वी जयसवाल एक स्थान फिसलकर 5वें नंबर पर आ गए और ऋषभ पंत, जिनका सीरीज में अच्छा प्रदर्शन नहीं चल रहा है, शीर्ष 10 से बाहर हो गए, जबकि स्टीव स्मिथ शतक के साथ फॉर्म में लौटने के बाद 10वें स्थान पर पहुंच गए। भारतीयों में, केएल राहुल 10 पायदान ऊपर 40वें स्थान पर और रवीन्द्र जड़ेजा 42वें स्थान पर पहुंच गये, जो गाबा में भारत की लड़खड़ाती पारी के दौरान उनके बचाव कार्य के बाद नौ पायदान ऊपर उठे। सीरीज का चौथा टेस्ट मैच, बॉक्सिंग डे क्लैश गुरुवार, 26 दिसंबर से शुरू होगा।

# दक्षिण अफ्रीका की नजरें पाकिस्तान को टेस्ट श्रृंखला में हराकर डब्ल्यूटीसी फाइनल में जगह बनाने पर

**सेंचुरियन ( एजेंसी )।** पाकिस्तान के खिलाफ बृहस्पतिवार से शुरू हो रही टेस्ट श्रृंखला जीतकर दक्षिण अफ्रीका की नजरें विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में जगह पक्की करने पर लगी हैं। दक्षिण अफ्रीका को लॉडर्स पर अगले साल होने वाले विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में जगह बनाने के लिये इस चक्र के बाकी दो में से एक टेस्ट जीतना जरूरी है। कप्तान तेम्बा बावुमा को यकीन है कि उनकी टीम दो टेस्ट मैचों की आगामी श्रृंखला में अपेक्षाओं पर खरी उतरेगी। बावुमा ने कहा ,'' अपेक्षाओं का दबाव तो है लेकिन हम श्रृंखला 2 . 0 से जीतने के इरादे से उतरेंगे। हमें पता है कि इसके लिये एक टीम के रूप में हमें सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।'' दक्षिण अफ्रीका ने टीम में चार तेज गेंदबाजों को शामिल किया है जिनमें 140 किलोमीटर की रफ्तार से गेंद फेंकने वाले कोर्बिन बॉश अपने शहर में टेस्ट पदार्पण करेंगे। तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा और मार्को जानसेनके साथ डेन पीटरसन और बॉश तेज गेंदबाजी का जिम्मा संभालेंगे। पिछले छह साल में सेंचुरियन की पिच पर तेज गेंदबाजों की तूती बोली है जिन्होंने 227 विकेट लिये जबकि स्पिनरों को 16 विकेट ही मिले। दक्षिण अफ्रीका को वनडे श्रृंखला में पाकिस्तान के हाथों 0 . 3 से पराजय झेलनी पड़ी है। इससे उबरकर टेस्ट श्रृंखला में जीत की राह पर लौटना आसान नहीं होगा। पाकिस्तान ने दक्षिण अफ्रीका में 15 में से सिर्फ दो टेस्ट जीते हैं और 12 गंवाये हैं। डब्ल्यूटीसी अंकतालिका में पाकिस्तान सातवें नंबर पर है और इस चक्र में आकिब जावेद टीम के चौथे मुख्य कोच हैं। मिकी आर्थर और मोहम्मद हाफिज ने एक श्रृंखला के बाद ही पद छोड़ दिया जबकि जैसन गिलेस्पी ने इस टेस्ट से दो सप्ताह पहले ही पद छोड़ा है।



### एनजीओ संचालिका ने प्रेसवार्ता कर किया भांडाफोड़, निपनिया पुल के नीचे प्रतिदिन सुबह संचालित होता है अवैध व्यापार

# भाजपा नेता सोनू मुस्लिम पर गौहत्या कर मांस विक्रय का आरोप



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** शहर में पशु क्रूरता के खिलाफ काम करने वाले एनजीओ हैप्पीनेस फॉर एनिमल्स की संचालिका रूपा द्विवेदी ने अन्य संगठन के सदस्यों के साथ मिलकर पत्रकार वार्ता आयोजित की जिसमें उन्होंने निपनिया पुल के नीचे गौहत्या और मांस विक्रय के गंभीर आरोप लगाए हैं। रूपा द्विवेदी ने बताया कि उन्हें जानकारी मिली है कि सोनू मुस्लिम और उनका परिवार रोजाना सुबह 5.30 से 6 बजे के बीच निपनिया पुल के नीचे गायों की हत्या करता है और मांस को छोड़कर शेष भाग नदी में बहा देता है। एनजीओ की संचालिका ने आरोप लगाया कि यह घटना प्रतिदिन होती है, और उन्होंने इस मामले से संबंधित प्रमाण पुलिस अधीक्षक को दिखाए हैं। एसपी रीवा ने मामले की जांच और कार्यवाही का आश्वासन दिया है। रूपा द्विवेदी ने यह भी बताया कि स्थानीय एक व्यक्ति ने उन्हें यह जानकारी दी, जिसके बाद पुलिस को भी सूचित किया गया था। हालांकि, पहले की एक घटना में डायल 100 के जरिये पुलिस को सूचना देने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की थी और सबूत को गड्ढे में दफन कर दिया था।

एनजीओ की संचालिका ने यह भी कहा कि मांस के व्यापार का स्पष्ट पता नहीं चल पाया है, यह हो सकता है कि मांस को स्थानीय समुदाय में बांटा जाता हो या बेचा जाता हो, लेकिन इस मामले में कड़ी कार्रवाई की जरूरत है। रूपा द्विवेदी ने पुलिस से निवेदन किया कि वह इस गंभीर मुद्दे पर तुरंत कार्रवाई करें ताकि गौहत्या और मांस विक्रय के इस गैरकानूनी काम को रोका जा सके और दोषियों को कड़ी सजा मिल सके।

बताया जा रहा है कि एनजीओ संचालिका ने पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह से मुलाकात कर सोनू मुस्लिम द्वारा निपानिया पुल के नीचे गाय काटने व उसका मांस विक्रय करने का पूरा प्रमाण दिया है। साथ ही बताया कि सोनू मुस्लिम और उसके परिवार द्वारा यह व्यापार विगत कई वर्षो से संचालित किया जा रहा है और प्रतिदिन इनके द्वारा एक जिंदा गाय को काटकर उसका मांस निकाला जाता है एवं बाकी का निपानिया पुल से नदी में बहा दिया जाता है।

**सत्ता का भय दिखाकर बनाया दबदबा:** एनजीओ संचालिका ने बताया कि सोनू मुस्लिम बीजेपी के अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश स्तर का पदाधिकारी है। जिसका फायदा उठाकर वह प्रतिदिन अवैध कार्य करता है। वो और उसका पूरा परिवार प्रतिदिन निपानिया पुल के नीचे गाय काटकर मांस का विक्रय करते हैं। आसपास के लोग सब जानते भी है लेकिन कोई भी शिकायत करने को तैयार नहीं है और जो भी उसकी शिकायत करता है उसके साथ वह मारपीट एवं जान से मारने की धमकी भी देता है। आगे संचालिका ने बताया कि पुलिस को भी सत्ता का भय दिखाकर दबाव बनाता है। हालांकि पुलिस अधीक्षक ने दिए गए प्रमाणों के माध्यम से उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## सुशासन सप्ताह में विशेष राजस्व शिविरों का किया गया आयोजन



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** प्रशासन गांव की ओर अभियान के तहत जिले भर में 15 दिसम्बर से 25 दिसम्बर तक सुशासन सप्ताह मनाया जा रहा है। अभियान के तहत 25 दिसम्बर को पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। इस दिन जिले भर में विशेष राजस्व शिविरों का आयोजन किया गया। गुढ़ तहसील के ग्राम दुआरी में आयोजित राजस्व शिविर में ग्रामीणों को सुशासन की शपथ दिलाई गई। ग्राम पंचायत करहिया में आयोजित जनकल्याण तथा राजस्व शिविर में प्रभारी तहसीलदार यतीश शुक्ला ने सुशासन की शपथ दिलाई तथा राजस्व विभाग से संबंधित आवेदन पत्र दर्ज किए। तहसीलदार जवा राजेन्द्र शुक्ला ने शिविर लगाकर ग्रामीणों को सुशासन की शपथ दिलाई तथा किसान सम्मान निधि एवं फार्मर रजिस्ट्री के लिए ई केवाईसी के प्रकरण निराकृत कराए।

सामुदायिक भवन चौखड़ा में आयोजित राजस्व शिविर में तहसीलदार ने सुशासन की शपथ दिलाई तथा राजस्व प्रकरणों का निराकरण किया। इसी तरह ग्राम चोरगड़ी, ग्राम पंचायत बदवार, ग्राम पंचायत मदरी, ग्राम पंचायत पड़रिया, ग्राम पंचायत सगरा, ग्राम पंचायत रौरा तथा ग्राम पंचायत देवास में विशेष राजस्व शिविरों का आयोजन किया गया।

## मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान में अब तक 12274 आवेदन मंजूर

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में 11 दिसम्बर से 26 जनवरी तक मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जिले में 15 दिसम्बर से प्रत्येक विकासखण्ड की ग्राम पंचायतों तथा नगरीय निकाय के वार्डों में शिविर लगाए जा रहे हैं। इन शिविरों में आमजनता के आवेदनों पर मौके पर कार्यवाही करने के साथ पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। जिले में 15 दिसम्बर से 25 दिसम्बर तक आयोजित शिविरों में कुल 16210 आवेदन पत्र आमजनता से प्राप्त हुए। इनमें से 12274 आवेदन पत्र स्वीकार किए गए हैं। शेष 3652 आवेदन पत्रों में संबंधित विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। अलग-अलग कारणों से 281 आवेदन पत्र अमान्य किए गए हैं।

इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि अब तक ग्रामीण क्षेत्र में कुल 14559 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। इनमें से 10757 मंजूर किए गए हैं। विकासखण्ड त्योंथर में 8261, रायपुर कर्चुलियान में 1199, रीवा में 921, सिरमौर में 1272, गंगेव में 1169 तथा जवा में 1737 आवेदन पत्र आमजनता से प्राप्त हुए हैं। इनमें से विकासखण्ड त्योंथर में 7956, रायपुर कर्चुलियान में 775, रीवा में 213, सिरमौर में 300, गंगेव 951 तथा जवा में 562 आवेदन पत्र मंजूर किए गए हैं। शहरी क्षेत्र में कुल 1651 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। इनमें से 1517 मंजूर किए गए हैं।

नगर निगम रीवा में 1104, नगर पंचायत सिरमौर में 9, गुढ़ में 83, मनगवां में 9, गोविंदगढ़ में 15, सेमरिया में 110, चाकघाट में 101, त्योंथर में 50, डभौरा में 100 तथा नगर पंचायत बैकुण्ठपुर में 70 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। इनमें से नगर निगम रीवा में 1077, नगर पंचायत सिरमौर में 9, गुढ़ में 82, मनगवां में 9, गोविंदगढ़ में 4, सेमरिया में 89, त्योंथर में 21, डभौरा में 79, चाकघाट में 77 तथा नगर पंचायत बैकुण्ठपुर में 70 आवेदन पत्र मंजूर किए गए हैं। शेष लंबित आवेदन पत्रों में संबंधित विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है।

## नगर परिषदों में सुशासन दिवस



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस को जिले भर में सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। जिले के सभी नगरीय निकायों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर स्वर्गीय श्री वाजपेयी के व्यक्तित्व और कृतित्व को नमन किया गया। नगर परिषद कार्यालय गोविंदगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने उपस्थितों को सुशासन की शपथ दिलाई। स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। सुशासन दिवस पर नगर परिषद गुढ़ में जनकल्याण शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी केएन सिंह बघेल तथा अन्य अधिकारियों ने आमजनता के आवेदनों का निराकरण किया। पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए आवेदन पत्र भरवाए गए। नगर परिषद सिरमौर, नगर परिषद मनगवां, नगर परिषद नईगढ़ी तथा नगर परिषद डभौरा में भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करके स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी को नमन किया गया। साथ ही सुशासन की शपथ दिलाई गई।

## वरिष्ठ पत्रकार विष्णुकांत त्रिपाठी का निधन



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** सतना के वरिष्ठ पत्रकार विष्णुकांत त्रिपाठी का संजय गांधी अस्पताल रीवा में बुधवार को उपचार के दौरान निधन हो गया। उनका सतना में एक्सीडेंट हुआ था जिसके बाद उन्हें सतना के जिला अस्पताल से रीवा के लिए रेफर कर दिया गया था। पिछले 5 दिनों से संजय गांधी अस्पताल के आईसीयू वार्ड में उनका इलाज चल रहा था। उन्हें ऑक्सीजन सपोर्ट पर वेंटिलेटर में रखा गया था। 20 दिसंबर की रात करीब साढ़े 9 बजे मंदिर जाते समय वो सड़क दुर्घटना का शिकार हो गए थे। उनके सिर के पीछे के हिस्से पर गंभीर चोट आई थी। हादसा ओवर ब्रिज कचहरी चौराहे के पास हुआ था। बता दें कि वरिष्ठ पत्रकार विष्णुकांत त्रिपाठी सतना में कई वर्षों से दैनिक भास्कर में अपनी सेवाएं दे रहे थे। बताया जा रहा है कि विष्णुकांत त्रिपाठी रोज मंदिर जाते थे। हादसे की रात 20 तारीख को वह अपनी स्कूटी से मंदिर जा रहे थे, तभी सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के ओवर ब्रिज के पास बाइक सवार ने ठोकर मार दी थी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उनके निधन से पूरे पत्रकार जगत में शोक व्याप्त है। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनकी दो बेटियां और एक बेटा है।

## रीवा में क्रिसमस की धूम, चर्च में हुईं विशेष प्रार्थना सभाएं



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा के विभिन्न गिरजा घरों में क्रिसमस की विशेष प्रार्थना सभाएं आयोजित की गई। यहां ईसाई समुदाय के लोगो ने प्रभु ईसा मसीह का जन्मदिवस धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम के दौरान फादर ने विशेष प्रार्थना में अमन-चैन का संदेश दिया। बताया गया है कि क्रिसमस के त्यौहार का उत्सव मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात से ही शुरू हो गया। रात 12 बजते ही ज्यादातर लोगों ने प्रेयर की और एक-दूसरे को बधाई दी। इसके साथ ही ईसाई समाज के लोगों ने केक काटकर जश्न मनाया और एक-दूसरे को केक खिलाया। क्रिसमस के मौके पर सुबह से चालू हुआ प्रार्थना का सिलसिला देर शाम तक चलता रहा। शहर के कई गिरजा घरों में क्रिसमस पर प्रार्थना सभाएं हुईं। इस अवसर पर ईसाई समुदाय के लोगों ने कई जगहों पर सामूहिक भोज का आयोजन भी किया। गुढ़ चौराहा स्थित शांति कुटीर गिरजा घर में से क्रिसमस का त्यौहार रंगारंग कार्यक्रम के साथ आयोजित किया गया। क्रिसमस के मौके पर शहर के सभी चर्चों में आकर्षक ढंग से सजावट की गई। क्रिसमस को लेकर बच्चों में खासा उत्साह देखा गया।

## बीच शहर में गाड़ी के अंदर युवती से ग़लत काम, आरोपी फरार




**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** शहर के भीड़ भाड़ वाली रोड में गाड़ी के अंदर युवती के साथ युवक ने ग़लत काम किया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। घटना बिछिया थाने के गुढ़ चौराहे की बताई जा रही है। युवती के साथ युवक का पुराना परिचय था, जिस पर उसने युवती को फोन कर अपनी मां को डॉक्टर को दिखाने के लिए उसकी मदद मांगी। पीड़िता उसकी बातों में आ गई और जब वो गुढ़ चौराहे पहुंची तो आरोपी ने उसे गाड़ी के अंदर बैठा लिया और शीशे के पर्दे बंद कर आरोपी ने गाड़ी के अंदर ही उसके साथ ग़लत काम किया। बाद में उसे धमकाते हुए आरोपी मौके से फरार हो गया। पीड़िता थाने पहुंची और आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही है।

## रीवा ज़िला अधिवक्ता संघ कार्यालय में सम्मान समारोह

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** ज़िला अधिवक्ता संघ कार्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि प्रधान ज़िला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश मोहन प्रधान ने उच्च न्यायालय द्वारा एडवोकेट प्रकाश उपाध्याय को सीनियर अधिवक्ता घोषित किए जाने, कनिष्ठ अधिवक्ता अंजना सिंह द्वारा लद्दाख एवं फ्रेंडशिप चोटी फतह किए जाने और साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर डॉ विवेक द्विवेदी को सम्मानित किया गया। इन्हे शॉल श्रीफल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि अधिवक्ताओं में विधि ज्ञान और सतत अध्ययन अवश्य होना चाहिए। ज़िला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजेंद्र पांडे ने भी अपनी बात रखी। कार्यक्रम में अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी एवं सैकड़ों अधिवक्ता मौजूद रहे।

## नई गढ़ी में एक वर्ष पूर्व हुई अंधी हत्या का पुलिस ने किया पर्दाफाश


**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** मऊगंज ज़िले में नई गढ़ी में एक वर्ष पूर्व हुई अंधी हत्या का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। यहां अज्ञात लोगों ने मिलकर एक 63 वर्षीय बुजुर्ग की हत्या कर दी थी। मामले में पुलिस ने दो बुजुर्ग सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बताया गया कि बुजुर्ग की हत्या प्रेम संबंध के शक में की गई थी। जिसमें आरोपी को मृतक की खेत में काम करने वाली एक महिला से प्रेम संबंध होने का शक था और इसी के चलते बुजुर्ग की हत्या की गई। नईगढ़ी के मड़ना गांव में बुजुर्ग मुद्रिका प्रसाद कोल की हत्या के मामले में मृतक के भतीजे सुरेंद्र की शिकायत पर मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया गया। पुलिस ने अपनी जांच में पाया कि महिला के साथ प्रेम संबंध होने के शक में दूसरे बुजुर्ग प्रेमी ने हत्या करने की योजना बनाई और फिर अपने सहयोगियों की मदद से उसकी हत्या कर दी। बताया गया कि मुख्य आरोपी बुद्धसेन केवट रिटायर्ड शिक्षक है। इसके अलावा राजेश केवट और बिहारी लाल केवट भी वारदात में शामिल थे। आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

### अवैध कॉलोनी पर विंड ग्रुप को नोटिस देने के बाद बेपरवाह बना निगम अमला

# कॉलोनी नष्ट करने दी गई थी 15 दिन की मोहलत सांठगांठ के चलते 2 माह बाद भी नहीं हुआ एक्शन

### स्कीम नंबर 6 को दोहराने की कवायद तेज





कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा (म.प्र.)

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** शहर में लगातार डेवलप हो रही अवैध कॉलोनियों में एक्शन को लेकर शासन और प्रशासन सख्ती के साथ काम कर रहा है जिससे लोगों के वैध निवास बन सके और उन्हें भी शासन के द्वारा मिलने वाली योजनाओं का लाभ मिल सके परंतु भू माफियाओं की सक्रियता अपनी काली कमाई के प्रति इतनी बढ़ गई है कि वह किसी को नियमों के तहत प्लॉटिंग व मकान बनाकर नहीं दे रहे जिसके चलते शहरभर में अवैध कॉलोनियों की लाइन लगी हुई है और शहर में प्लॉट व मकान खरीदने वाले लोग शासन की लिस्ट से बाहर ही रह गए हैं।

अवैध कॉलोनाइजर से जुड़ा ताजा मामला सामने आया है चोरहटा में निर्मित हो रही नई कॉलोनी का जिसे विंड ग्रुप के द्वारा डेवलप करके लोगों को बेचा जा रहा है जहां इस कॉलोनी में नगर निगम के तहत बनाने को लेकर किसी भी तरह की गाइडलाइन का पालन नहीं किया गया जिसके चलते नगर निगम ने कॉलोनी को नष्ट करने विंड ग्रुप के संचालक को नोटिस भी भेजा है। मगर यहां भी आमजनता के हित में काम नहीं हो सका तथा भू माफियाओं ने यहां भी अपनी सेटिंग लगाकर मामले को दबाने की कवायद तेज कर दी जिसके कारण नगर निगम के द्वारा जारी की नष्ट करने की नोटिस भी अब कबाड़ में पड़ी हुई है तथा नोटिस के 2 माह बाद भी कॉलोनी के नष्ट करने की कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है।

बताया जा रहा है कि विंड ग्रुप के द्वारा जो कॉलोनी नगर निगम इलाके में तैयार की जा रही है उसके लिए नगर निगम की परमिशन अनिवार्य है तथा कॉलोनी तैयार करने के लिए जिस गाइडलाइन को नगर निगम ने बनाया है उसका पालन भी कॉलोनाइजर को करना चाहिए लेकिन विंड ग्रुप के चेयरमैन तौसीफ अहमद ने गाइडलाइन का पालन न करते हुए कॉलोनी तैयार कर ली जिसकी वजह से नगर निगम के द्वारा कॉलोनी को नष्ट करने की नोटिस 2 माह पूर्व भेजी गई थी बावजूद इसके अब तक निगम अमले ने उस पर कोई एक्शन नहीं लिया जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि इस कॉलोनी के निर्माण के बाद स्कीम नंबर 6 में आने वाली कॉलोनी यह बनेगी।

दरअसल स्कीम नंबर 6 का मुद्दा बीते लंबे समय से रीवा में गरमाया हुआ है जिसके तहत कई कॉलोनी पूर्व से ऐसी निर्मित पड़ी है जहां रहने वाले लोग खुद को नगर निगम के दायरे में लाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं जिसके बाद अब विंड ग्रुप के द्वारा बनाई जा रही यह कॉलोनी भी उसी नियम में आने की स्थिति में बन गई है।

जानकारी के मुताबिक नगर निगम ने पूर्व में अवैध कॉलोनाइजर को लेकर विंड ग्रुप को जो नोटिस जारी किया है उसमें साफ निर्देश दिए गए हैं कि 15 दिनों के अंदर कॉलोनी को नष्ट किया जाए अन्यथा नगर निगम स्वयं कार्यवाही करेगा परंतु 2 माह बीत जाने के बाद भी मामला ठंडे बस्ते पर पड़ा हुआ है।

### मऊगंज में आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए आज लगेगा शिविर

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** जनपद पंचायत मऊगंज में 26 दिसम्बर को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक शिविर लगाया जा रहा है। इस शिविर में 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी व्यक्तियों के नि:शुल्क आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे। इस संबंध में डॉ अमित तिवारी ने बताया कि आवश्यक अभिलेखों के साथ उपस्थित होकर 70 साल से अधिक आयु के सभी व्यक्ति अपने आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं।

### लोकनायक स्कूल के पास लगेगा शिविर

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवड़े ने बताया कि 26 दिसम्बर को वार्ड क्रमांक 29, 30 और 31 के लिए लोकनायक स्कूल के पास जनकल्याण शिविर लगाया जा रहा है।

## जनकल्याण शिविर में संभागीय अधिकारियों ने की शिरकत, योजनाओं की दी जानकारी



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा संभाग के सभी जिलों में मुख्यमंत्री जनकल्याण योजना के तहत शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में आमजनता को शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने के साथ आवेदन पत्रों का मौके पर निराकरण किया जा रहा है। कमिश्नर रीवा संभाग बीएस जामोद के निर्देशों के अनुसार संभागीय अधिकारी इन शिविरों में शामिल होकर विभागीय योजनाओं की जानकारी दे रहे हैं। साथ ही विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण भी कर रहे हैं। इस क्रम में 24 दिसम्बर को उप संचालक मण्डी तथा अन्य अधिकारियों ने सीधी जिले के रामपुर नैकिन विकासखण्ड में ग्राम डढ़िया में आयोजित जनकल्याण शिविर में सहभागिता निभाई। अधिकारियों ने बालिका छात्रावास और आंगनवाड़ी केन्द्र का भी निरीक्षण किया।

इसी तरह रीवा जिले में ग्राम पंचायत बंधवा में आयोजित जनकल्याण शिविर में सहायक संचालक उद्यान योगेश पाठक तथा अन्य संभागीय अधिकारियों ने शिरकत की। शिविर में उद्यानिकी फसलों के संबंध में जानकारी दी गई। पात्र किसानों के किसान क्रेडिट कार्ड के लिए आवेदन पत्र भरवाए गए। सहायक संचालक कृषि प्रीति द्विवेदी ने सिरमौर विकासखण्ड के ग्राम पिपरी में आयोजित शिविर में विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। किसानों को जैविक खेती तथा कृषि यंत्रीकरण की जानकारी दी गई। कार्यपालन यंत्री जल संसाधन मनोज तिवारी ग्राम तिलखन में आयोजित शिविर में शामिल हुए। कार्यपालन यंत्री ने किसानों के साथ मिलकर सिरमौर वितरक नहर का निरीक्षण किया तथा किसानों की सिंचाई संबंधी समस्याओं का निदान किया। इसी तरह अन्य अधिकारियों द्वारा लगातार क्षेत्र का भ्रमण किया जा रहा है।

## जनकल्याण शिविर में आमजनता के आवेदनों में हो रही कार्यवाही




**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** जिले भर में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत 15 दिसम्बर से 26 जनवरी तक शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में हितग्राहियों को शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए आवेदन पत्र भरवाए जा रहे हैं। साथ ही आमजनता के आवेदनों का मौके पर निराकरण किया जा रहा है। जिले के सभी विकासखण्डों में शिविरों का लगातार आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती सपना त्रिपाठी ने बताया कि जनपद पंचायत गंगेव की ग्राम पंचायत सथिनी में आयोजित शिविर में 9 आवेदन पत्र दर्ज किए गए। इनमें प्रधानमंत्री आवास योजना, वृद्धावस्था पेंशन तथा खाद्यान्न प्रदान करने संबंधी आवेदन शामिल थे। ग्राम पंचायत दुबगवां में आयोजित शिविर में 14 आवेदन पत्र दर्ज किए गए। इसमें श्रम विभाग, प्रधानमंत्री आवास योजना तथा पेंशन के आवेदन पत्र शामिल रहे। इसी तरह जनपद पंचायत सिरमौर की ग्राम पंचायत पिपरी में 130 तथा ग्राम पंचायत तिलखन में 197 आवेदन पत्र प्राप्त हुए। संबंधित विभागों द्वारा इन पर कार्यवाही की जा रही है। जिले में 25 दिसम्बर को ग्राम मढ़ी खुर्द में आयोजित शिविर में 11 आवेदन पत्र दर्ज किए गए। इसी दिन ग्राम पंचायत टिकुरी 37, ग्राम पंचायत अजगरहा, ग्राम पंचायत सुरसा खुर्द, ग्राम पंचायत रौरा और ग्राम पंचायत करहिया में भी जनकल्याण शिविरों का आयोजन किया गया।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक/प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया ऑडीटर पब्लिकेशन प्रा.लिमि. राजीव मार्ग निराला नगर रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय राजीव मार्ग निराला नगर रीवा से प्रकाशित, **संपादक संदीप द्विवेदी**, आर.एन.आई नं. 69082/97, डाक पंजीयन क्र.- म. प्र./ रीवा संभाग/ 46/2023-2025, प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9589645803, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com सभी विवादों का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।